कटनी, भोपाल, मंडला, जबलपुर, इंदौर, मुंबई, दिल्ली, रायपुर, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष- 20 अंक 272 ● कटनी ● बुधवार , 4 नवम्बर , 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत् 2083

आत्म-नियंत्रण जीवन की असली शक्ति है। इसे मजबूत बनाना रोज़ का काम है।

असम के हॉस्टल में दूषित पानी पीने से 52 स्टूडेंट बीमार, टंकी में मरा हुआ बंदर मिलने से हड़कंप!

गुवाहाटी, ईएमएस। असम में गुवाहाटी स्थित असम इंजीनियरिंग कॉलेज के 50 से ज्यादा स्टूडेंट उसके हॉस्टल की टंकी का पानी पीने से बीमार पड़ गए, जिसमें कथित रूप से एक मरा हुआ बंदर मिला था। यह घटना गुवाहाटी के जालुकबारी में स्थित कॉलेज के हॉस्टल नंबर सात की है, जहां दुर्गा पूजा की छुट्टियों से लौटने के बाद से ही स्टूडेंट पानी से बदबू आने की शिकायत कर रहे थे।गवर्मेंट आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य प्रणवज्योति वैश्य के मुताबिक, पेट दर्द, उल्टी और बुखार की शिकायतों के साथ 52 स्टूडेंट्स को अस्पताल लाया गया था। उन्होंने आगे कहा, च्ड्मरजेंसी डिपार्टमेंट में उनकी जांच और इलाज किया गया। 3 स्टूडेंट्स को बेहतर इलाज के लिए अन्य हॉस्पिटल भी भेजा गया था। हालांकि, किसी को भी हॉस्पिटल में एडमिट करने की जरूरत नहीं पड़ी और सभी 52 स्टूडेंट्स की हालत स्थिर है।









अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में ट्रंप को बड़ा झटका

दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स का कब्जा

डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत, पिछले 21 में से 19 चुनावों में राष्ट्रपति की पार्टी हारी

वाशिंगटन, एजेंसी। ईरान की राजधानी तेहरान में सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने ही देश में राजनीतिक झटका लगा है। विदेश में सैन्य कार्रवाई और सख्त नीतियों के जरिए अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहे ट्रंप को मध्यावधि चुनाव (मिडटर्म इलेक्शन) में जनता ने बड़ा संदेश दिया है। चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों- सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बहुमत हासिल कर लिया है। इस नतीजे के साथ ही अमेरिकी राजनीति का सत्ता संतुलन बदल गया है और ट्रंप प्रशासन के सामने आगामी दो वर्षों में विधायी मोर्चे पर बड़ी चुनौतियां खड़ी होने के आसार हैं।



मिडटर्म चुनाव के नतीजों को ट्रंप सरकार के दो साल के कामकाज, विदेश नीति, आर्थिक फैसलों और ईरान के साथ जारी युद्ध के प्रति जनता की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने भी स्वीकार किया कि रिपब्लिकन पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे ईरान युद्ध एक कारण हो सकता है। चुनाव परिणामों ने साफ कर दिया है कि राष्ट्रपति की लोकप्रियता और उनकी नीतियों को लेकर मतदाताओं में असंतोष बढ़ा है। खास बात यह रही कि डेमोक्रेट्स ने उन राज्यों और क्षेत्रों में भी जीत दर्ज की, जिन्हें दशकों से रिपब्लिकन पार्टी का अभेद्य किला माना जाता रहा है।

मैं मैदान में होता तो भारी बहुमत से जीतते -ट्रंप

चुनाव में पार्टी की हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिक्रिया में खुद को नतीजों से अलग रखने की कोशिश की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यदि वह खुद चुनाव मैदान में होते तो रिपब्लिकन पार्टी भारी बहुमत से जीत हासिल करती। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है और वह आगे की ओर देख रहे हैं। ट्रंप का बयान ऐसे समय आया है, जब चुनावी नतीजों ने उनकी राजनीतिक पकड़ और नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि उन्होंने परिणामों को स्वीकार करने और डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करने की बात भी कही है।

रिपब्लिकन के मजबूत गढ़ों में भी सेंध

इस चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने केवल अपने परंपरागत प्रभाव वाले क्षेत्रों में ही जीत हासिल नहीं की, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के मजबूत गढ़ों में भी सेंध लगा दी। साउथ कैरोलिना में सीनेट सीट पर जीत को बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप यहां 18 प्रतिशत अंकों के अंतर से आगे रहे थे। इसके अलावा टेक्सास में भी डेमोक्रेट्स की सफलता ने रिपब्लिकन खेमे को चौंका दिया। यहां वर्ष 1994 के बाद राज्य स्तर पर डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी सफलता नहीं मिली थी। कंसास में भी डेमोक्रेट्स ने इतिहास रचते हुए जीत दर्ज की, जहां 1932 के बाद से कोई डेमोक्रेट सीनेटर निर्वाचित नहीं हुआ था।

सीनेट और प्रतिनिधि सभा में विपक्ष मजबूत

अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़त ने ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सीनेट की कुल 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए थे। नतीजों के बाद डेमोक्रेट्स के पास 52 सीटें हो गई हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी 41 सीटों पर सिमट गई है। दूसरी ओर, प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों पर चुनाव हुए। यहां डेमोक्रेटिक पार्टी ने 218 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। गवर्नर पदों के चुनाव में भी डेमोक्रेट्स ने बेहतर प्रदर्शन किया। 26 राज्यों के घोषित परिणामों में 17 सीटों पर डेमोक्रेटिक और 9 पर रिपब्लिकन उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने भी लहराया परचम

मध्यावधि चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने भी अपनी राजनीतिक ताकत दिखाई। फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेसनल जिले से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया डांडिया ने जीत हासिल कर प्रतिनिधि सभा में जगह बनाई। वहीं वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल जिले से सुहास सुब्रमण्यम दोबारा निर्वाचित हुए। इन सफलताओं को अमेरिकी राजनीति में भारतीय मूल के समुदाय की बढ़ती भागीदारी और प्रभाव के तौर पर देखा जा रहा है।

भारत का महापर्व दीपावली 8 नवंबर को

दीपावली केवल एक दिन का त्योहार नहीं, पांच दिनों का महापर्व है

भाई दो 11 नवंबर उदया तिथि अनुसार

अरुणोदय पंचांग के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास ने बताए धनतेरस से भाई दूज तक के शुभ मुहूर्त और पौराणिक रहस्य





जबलपुर, यशभारत। दीपावली को लेकर जनमानस में अक्सर भ्रम रहता है कि यह केवल एक दिन का पर्व है। इस भ्रम को दूर करते हुए अरुणोदय पंचांग के प्रसिद्ध, प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास जी ने बताया कि दीपावली सनातन धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख महापर्व है जो पांच दिनों तक मनाया जाता है।

पंडित व्यास जी के अनुसार दीपावली के 5 दिन

1. धनतेरस (6 नवम्बर, शुक्रवार) – इस दिन 10 बजकर 46 मिनट से शुभ मुहूर्त रहेगा। भगवान धन्वंतरि और कुबेर देव की पूजा के साथ सोना, चांदी, जेवर, बर्तन और झाड़ू खरीदना अक्षय फलदायी होता है। सायंकाल धन लक्ष्मी पूजन होता है। इसी दिन अकाल मृत्यु निवारण हेतु यम दीपदान का विशेष महत्व है। घर के बाहर चार बत्तियों वाला तेल का दीपक यमराज के निमित्त रखना चाहिए।

2. नरक चतुर्दशी (छोटी दिवाली) - यमराज के नाम का दीया निकाला जाता है। रूप चौदस के रूप में सौंदर्य और स्वच्छता पर ध्यान दिया जाता है।

3. दीपावली (8 नवम्बर, रविवार) - मुख्य पर्व। प्रदोष व्यापिनी अमावस्या में लक्ष्मी पूजन शास्त्र सम्मत है। इस वर्ष दिन 10:13 से पूजन मुहूर्त प्रारंभ होकर पूरी रात चलेगा। **व्यापारियों** के लिए दोपहर 1:30 से 3:15 तक स्थिर लग्न, शाम 6 से रात 8:10 तक स्थिर वृषभ लग्न का उत्तम मुहूर्त और रात 10:10 से 12:35 तक निशीथ काल तांत्रिक जप के लिए विशेष शुभ रहेगा।

4. गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) – भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र का मानमर्दन कर गोवर्धन पर्वत उंगली पर उठाने की लीला की याद में प्रकृति और गायों की पूजा।

5. भाई दूज (यम द्वितीया) - भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक। बहनें भाई के माथे पर तिलक कर लंबी उम्र की कामना करती हैं।पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पं. व्यास जी ने बताया:- श्रीराम आगमनः त्रेतायुग में भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण 14 वर्ष वनवास और रावण वध के बाद इसी दिन अयोध्या लौटे थे। अयोध्यावासियों ने घी के दीयों से पूरी नगरी रोशन की थी।- माता लक्ष्मी प्राकट्यः समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक अमावस्या को ही धन और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था।- कृष्ण विजयः द्वापर में भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध कर प्रजा को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई थी।धन लक्ष्मी प्राप्ति मंत्रः पं. व्यास जी ने बताया कि ॥ ? ह्रीं महालक्ष्म्यै च विद्महे, विष्णुपत्न्यै च धीमहि तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात॥ मंत्र का जाप, खीर, पंचामृत, कमलगट्टा, वैजयन्ती से हवन और श्रीसूक्त पाठ करने से लक्ष्मी प्राप्ति होती है।

चक्रवात मुरासु कमजोर पड़ा आंध्र-तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट, दिल्ली में छाएगी धुंध

नई दिल्ली ,यशभारत। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान मुरासु तटीय आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेजी से कमजोर पड़ गया है। यह डीप डिप्रेशन में तब्दील होने के बाद अब डिप्रेशन में बदलने की ओर बढ़ रहा है। हालांकि तूफान की तीव्रता कम होने के बावजूद आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का खतरा बना हुआ है। मौसम विभाग ने 4 नवंबर को भी कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह के समय धुंध छाने और दिन में आसमान साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, मुरासु 3 नवंबर को तटीय आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद जमीन के ऊपर आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से तूफान की ताकत लगातार कम हो रही है। 4 नवंबर की सुबह तक इसके डिप्रेशन में बदलने का अनुमान है। इस दौरान तूफान के केंद्र के आसपास हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहने और झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। इसके बाद हवा की गति में भी लगातार कमी आएगी।

रिश्तों का कत्ल! जेठानी और 13 वर्षीय भतीजी को जिंदा जलाया

घरेलू कलह और ज़मीन के विवाद में देवरानी ने उठाया खौफनाक कदम

सागर, यशभारत । बीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोदना में सोमवार देर शाम पारिवारिक रंजिश और ज़मीन के विवाद ने एक खौफनाक रूप ले लिया। आरोप है कि घरेलू कलह के चलते देवरानी ने अपनी ही जेठानी और 13 वर्षीय भतीजी को आग के हवाले कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना में गंभीर रूप से घायल 35 वर्षीय गिरजाबाई ठाकुर को तुरंत बीना से लाकर सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, उनकी 13 वर्षीय बेटी की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर और उच्च स्तरीय उपचार के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

क्या है मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिवार में लंबे समय से घरेलू कलह और ज़मीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा था। सोमवार शाम यह विवाद इतना बढ़ गया कि देवर आकाश की पत्नी (देवरानी) काजल गोस्वामी ने कथित तौर पर गिरजाबाई और उनकी नाबालिग बेटी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। इतना ही नहीं, दोनों को आग की लपटों में घिरा छोड़कर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। मां-बेटी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को उपचार के लिए बीना सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी और दहशत का माहौल है। बीना थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस की एक विशेष टीम बच्ची के बयान दर्ज करने के लिए भोपाल (हमीदिया अस्पताल) रवाना हो चुकी है। थाना प्रभारी के अनुसार, पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पारिवारिक कलह और जमीन विवाद सहित घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। हालांकि, फिलहाल आग लगाने के आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।



गुवाहाटी फायरिंग मामले में एनकाउंटर के बाद आरोपी ढेर! सब-इंस्पेक्टर की सर्विस पिस्तौल छीनने की हुई थी कोशिश

गुवाहाटी , एजेंसी। गुवाहाटी के उलुबारी इलाके में होटल बिलास इन के पास हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस एनकाउंटर में आरोपी घनकांत गोगोई की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पापोरि चेतिया ने बुधवार को बताया कि असम के शिवसागर जिले में उसे ले जाते समय उसने एक पुलिस अधिकारी की सर्विस पिस्तौल छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उस पर गोली चला दी। एसएसपी के अनुसार, गोगोई को शिवसागर पुलिस स्टेशन के केस नंबर-108/26 के सिलसिले में गुवाहाटी से शिवसागर लाया जा रहा था। इसी दौरान उसने फूलपानीचिगा में शौच के लिए पुलिस वाहन से बाहर निकलने की गुजारिश की।स्स्कने बताया कि जैसे ही गोगोई वाहन से बाहर निकला, उसने सब-इंस्पेक्टर देबाशीष शर्मा की सर्विस पिस्तौल छीनने की कोशिश की। देबाशीष शर्मा इस मामले के जांच अधिकारी भी थे। उन्होंने आगे बताया कि गाड़ी से बाहर निकलते समय हमारे अधिकारी की सर्विस पिस्तौल छीनने की कोशिश की। पुलिस ने यहा भी कहा कि वह एक ट्रेंड प्रोफेशनल शूटर है। उन्होंने बताया कि हाथापाई के दौरान दो-तीन राउंड फायरिंग हुई, जिसमें से दो गोलियां पुलिस की गाड़ी पर लगीं। अधिकारी को और चोट लगने या उन पर हमला होने से बचाने के लिए, टीम के साथ मौजूद एक पुलिसकर्मी ने अपनी सर्विस गन से जवाबी फायरिंग की। एसएसपी ने बताया कि इस फायरिंग में गोगोई घायल हो गया और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

श्रीनगर के बेमिना में आग लगी, 2 की मौत; 80 घर जले

श्रीनगर, ईएमएस। श्रीनगर के बेमिना के दुर्बल इलाके में मंगलवार देर रात आग लग गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और करीब 80 अस्थायी घर जल गए। आग से एक खाली पोल्ट्री फार्म और एक टिपर भी क्षतिग्रस्त हो गया। दमकल विभाग, पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाई।

राजस्थान में ट्रेन उड़ाने की साजिश! पैसेंजर ट्रेन गुजरने के 45 मिनट बाद रेलवे ट्रैक पर भीषण धमाका

पाकिस्तानी नेटवर्क की आशंका, दो स्लीपर टूटे, पटरी के नीचे दो फीट गहरा गड्ढा; एटीएस, आईबी और बम निरोधक दस्ते ने संभाली जांच, चार ट्रेनें रद्द



अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक मंगलवार रात रेलवे ट्रैक पर हुए भीषण विस्फोट ने सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा दिया। अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलखंड पर 50 जीबी गांव के पास रात करीब 9:45 बजे हुए धमाके से रेलवे पटरी के नीचे करीब दो फीट गहरा गड्ढा बन गया और सीमेंट के दो स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि इसी ट्रैक से रात 9 बजे पैसेंजर ट्रेन गुजर चुकी थी। यानी ट्रेन के सुरक्षित निकलने के करीब 45 मिनट बाद विस्फोट हुआ। यदि धमाका ट्रेन के गुजरने के दौरान होता तो बड़ा रेल हादसा हो सकता था। पाकिस्तानी नेटवर्क की आशंका के बीच एटीएस, आईबी, सीआईडी, एफएसएल और बम निरोधक दस्ते ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने चार ट्रेनें रद्द कर दीं।

धमाके से दो स्लीपर टूटे, 200 मीटर तक सुनाई दी आवाज

विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज करीब 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास की ढाणियों में रहने वाले ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त मिली। इसके बाद रामसिंहपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। शुरुआती निरीक्षण में पटरी के नीचे गहरा गड्ढा, टूटे स्लीपर और आसपास बिखरी कंक्रीट सामग्री मिली। रेलवे की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एटीएस, आईबी, सीआईडी, एफएसएल और बम निरोधक दस्ते की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। एफएसएल विशेषज्ञों ने जरूरी साक्ष्य जुटाए। जांच एजेंसियां विस्फोट की प्रकृति, इस्तेमाल की गई सामग्री और संभावित साजिश के पहलुओं की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के मुताबिक मामले की जांच जारी है। फिलहाल विस्फोट के पीछे जिम्मेदार लोगों और उनके मकसद का खुलासा नहीं हुआ है।

ड्रोन से विस्फोटक मंगाने वाले नेटवर्क पर भी नजर

जांच के दौरान पाकिस्तान से जुड़े हथियार और विस्फोटक तस्करी नेटवर्क की गतिविधियां भी चर्चा में हैं। जानकारी के मुताबिक कुलवंत सिंह नामक आरोपी ने कथित तौर पर 12 अक्टूबर की रात रावला सीमा के पास ड्रोन के जरिए तीन खेपों में हथियार और विस्फोटक मंगवाए थे। इनमें करीब 7.750 किलो विस्फोटक, दो जिगाना पिस्तौल, चार मैगजीन, 650 से अधिक कारतूस और रिमोट शामिल होने की बात सामने आई है। पंजाब पुलिस कुलवंत सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि, रेलवे ट्रैक विस्फोट में उसकी भूमिका या इस नेटवर्क से सीधे संबंध की अभी पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने बुधवार सुबह 9 बजे तक इस रेलखंड पर परिचालन बंद रखने का निर्णय लिया। इसके चलते चार ट्रेनें रद्द कर दी गईं। रेलवे की तकनीकी टीमें क्षतिग्रस्त ट्रैक की जांच और मरम्मत में जुटी हैं। सुरक्षा परीक्षण पूरा होने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या पैसेंजर ट्रेन को निशाना बनाकर बड़े रेल हादसे की साजिश रची गई थी।

अवैध शराब के खिलाफ हाईलेवल मीटिंग सीएम ने कहा- नेटवर्क ध्वस्त करो

भोपाल, यशभारत। देवास में अवैध शराब पकड़ने के दौरान पुलिस अधिकारी की मौत के मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को पांच जिलों में फैले अवैध शराब कारोबार के नेटवर्क को ध्वस्त करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री निवास पर मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में ड्रग्स माफिया, अवैध शराब कारोबार और संगठित अपराधों के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान की रणनीति भी तय की गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2029 तक ड्रग्स माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई के संकल्प के अनुरूप मध्य प्रदेश में प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। इसके लिए पुलिस को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और मजबूत मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में सफलता हासिल कर निर्धारित समय-सीमा में नक्सलवाद से मुक्ति पाई, उसी तरह ड्रग्स और संगठित अपराधों के खिलाफ भी निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब के परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए पूरे प्रदेश में एक साथ अभियान चलाया जाएगा।



टीआई दिलीप पुरी हत्याकांड: दो आरोपियों का हाफ एनकाउंटर पुलिस पर हमला कर भागने की कोशिश में पैर में लगी गोली



देवास,यशभारत। देवास में टीआई दिलीप पुरी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों का अलग-अलग स्थानों पर शॉर्ट एनकाउंटर किया है। दोनों आरोपियों के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद दोनों ने पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश की और इस दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला कर हथियार छीन लिए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई। घायल आरोपियों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, हत्याकांड का मुख्य आरोपी गजेंद्र उर्फ अक्कू राठौर को अलीराजपुर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस टीम उसे लेकर खातेगांव आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन का टायर पंचर हो गया। पुलिसकर्मी जब टायर बदलने में जुटे थे, तभी आरोपी ने पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गजेंद्र के दाहिने पैर के निचले हिस्से में गोली लगी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद वैस्कुलर इंटरवेंशन के लिए इंदौर के अरविंदो अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। इसी मामले में दूसरे आरोपी धीरज का भी पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया। पुलिस के अनुसार, धीरज पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश कर रहा था। उसने पुलिसकर्मी से हथियार छीनकर हमला करने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे चेतावनी दी, लेकिन वह नहीं रुका। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई, जो उसके दाहिने पैर में लगी। घायल धीरज को देवास जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया गया। उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। देवास सीएसपी सुमित अग्रवाल के मुताबिक, मुख्य आरोपी गजेंद्र ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की थी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में उसे गोली मारी। दूसरे आरोपी के खिलाफ भी पुलिस अभिरक्षा से भागने और पुलिसकर्मी पर हमला करने की स्थिति में कार्रवाई की गई। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

दो से ज्यादा बच्चे करने पर कानूनी पाबंदी सही नहीं

सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रजनन दर 3 से घटकर 1.9 हुई,बुजुर्ग बढ़ेंगे, कामकाजी आबादी घटेगी



नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाले कानून अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। कोर्ट के मुताबिक, भारत की प्रजनन दर 2003 में 3 थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। कोर्ट ने कहा कि आने वाले समय में बुजुर्गों की आबादी बढ़ेगी और कामकाजी लोगों का अनुपात घटेगा। अगर इन बदलावों पर ध्यान नहीं दिया गया तो देश को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने इस मामले में 2003 के अपने फैसले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया, जिसमें कोर्ट ने हरियाणा के दो बच्चों वाले नियम को सही ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता भी रद्द कर दी। उन्हें तीसरे बच्चे के जन्म के कारण पद से अयोग्य ठहराया गया था।

कोर्ट बोला- बढ़ती आबादी का डर अब कानूनों का आधार नहीं - जस्टिस नरसिम्हा ने फैसला सुनाते हुए कहा- हमारी स्पष्ट राय है कि दो से ज्यादा बच्चे होने पर सजा देने वाले कानून अब अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं। इन कानूनों का आधार बढ़ती आबादी का डर था। पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या से जुड़े बदलावों के कारण यह आधार खत्म हो गया है।कोर्ट ने बताया कि 2.1 की प्रजनन दर को रिप्लेसमेंट रेट माना जाता है। इस दर पर एक पीढ़ी अपनी जगह अगली पीढ़ी को ले सकती है। कोर्ट ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की अब समीक्षा जरूरी है।

दो बच्चों की शर्त से राजनीतिक अधिकारों से वंचित करना गलत- कोर्ट ने 2003 के फैसले में दो बच्चों की शर्त को सही ठहराने के लिए इस्तेमाल किए गए तर्कों पर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कानूनों के जारी रहने से नागरिकों का एक पूरा वर्ग राजनीतिक प्रतिनिधित्व से बाहर हो जाता है।कोर्ट के मुताबिक, किसी व्यक्ति के बच्चों की संख्या का उसके सार्वजनिक पद संभालने की क्षमता से कोई खास संबंध नहीं है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 2 करोड़ रिश्वत मांगने का आरोप, केरल सरकार ने दिए जांच के आदेश

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। केरल सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ करीब 20 साल पुराने कथित रिश्वतखोरी के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। उन पर सड़क निर्माण परियोजना का काम पूरा होने के बाद भुगतान जारी करने के बदले ठेकेदार से 2 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में दावा किया गया है कि जिस समय यह कथित घटना हुई, उस दौरान ज्ञानेश कुमार केरल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव के पद पर पदस्थ थे। केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। यह मामला केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएसटीपी) के तहत कराए गए सड़क निर्माण कार्य से जुड़ा है। कोल्लम जिले के चदयमंगलम निवासी ठेकेदार साजन ने विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के निदेशक को लिखित शिकायत देकर आरोपों की जांच की मांग की है।

जनसुनवाई: नागरिकों से किया सीधा संवाद

नागरिकों की सुविधा और संतुष्टि सर्वोपरि

जवाबदेही के साथ समयबद्ध कार्रवाई करें अधिकारी - महापौर

कटनी, यशभारत। शहर के नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उनकी अपेक्षाओं को समझना और प्रत्येक आवेदन के समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य नगर निगम कार्यालय में आयोजित महापौर जनसुनवाई में महापौर प्रीति सूरी ने शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं मांगों को विस्तारपूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान महापौर ने प्रत्येक आवेदक की बात को गंभीरता से समझा और संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्रकरणों पर चर्चा कर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।



हर आवेदन पर हुई गंभीरता से चर्चा

जनसुनवाई में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, आवास योजना सहित नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर ने नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिन मामलों में तत्काल निर्णय एवं कार्रवाई संभव थी, उनमें मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि नगर निगम से संबंधित कार्यों एवं नागरिक समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता का विशेष ध्यान रखा जाए। नागरिक अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर नगर निगम पहुंचते हैं, इसलिए उनकी बात को पूरी गंभीरता से सुनना और उन्हें उचित मार्गदर्शन देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को नगर निगम से संबंधित कार्य के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक आवेदन पर संबंधित विभाग समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करे तथा प्रकरण के निराकरण की प्रगति पर भी ध्यान रखे।

जनता से निरंतर संवाद ही बेहतर नगरीय व्यवस्था का आधार

महापौर ने कहा कि शहर का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ मिलना और उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जनसुनवाई नागरिकों और नगर निगम के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए आमजन अपनी बात सीधे रख सकते हैं और उनकी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

जिले की विरासत को सहेजने अधिकारियों से चर्चा

जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा



कटनी, यशभारत। जिले की प्राचीन धरोहरों के उचित संरक्षण एवं उन्नयन हेतु कला एवं संस्कृतिक निधि कटनी अध्याय इन्टैक कटनी चेप्टर द्वारा जिला पंचायत सी. ई. ओ. हरसिमरन प्रीत कौर से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर सारगर्भित चर्चा के उपरांत उनके द्वारा ज्ञापन में वर्णित अनेक बिंदुओं पर अपनी सकारात्मक सहमति जताते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन एवं कुछ बिंदुओं पर मौके पर ही संबंधित अधिकारी को दिशानिर्देश प्रदान किए गए हैं । इस अवसर पर जिला पर्यटन एवं पुरातत्व के समन्वयक श्री आर . के. सैनी , भारतीय संस्कृतिक निधि कटनी कन्वीनर मोहन नागवानी , राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं श्री शंकर जी महाराज , गया कुंड समिति , बिलहरी के अध्यक्ष सुधीर कुमार ताम्रकार उपस्थित रहे। शंकर जी महाराज , गया कुंड समिति बिलहरी अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार ताम्रकार द्वारा बिलहरी के ऐतिहासिक गया कुंड गर्मी के दिनों जलाभाव के कारण सुख जाने की समस्या के निदान हेतु गया कुंड के नाले में एक स्टॉप डैम निर्मित कराने हेतु भी ज्ञापन सौंपा गया ।



चित्रकला, भाषण और निबंध से विद्यार्थियों ने रखे विचार

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर साईनाथ इंस्टीट्यूशन में विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें बीए-बीएड एवं बीएससी-बीएड के छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने राज्य के प्रति विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में श्री हॉस्पिटल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स सोसायटी के चेयरमैन डॉ. दीपक सक्सेना, सचिव डॉ. शोभना सक्सेना, डायरेक्टर आमोद सक्सेना, स्वाति सक्सेना, डॉ. शांभवी सक्सेना एवं ज्वाइंट डायरेक्टर दीपक माथुर सहित महाविद्यालय के नर्सिंग एवं एजुकेशन संकाय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश के इतिहास, संस्कृति और विकास के प्रति जागरूक किया गया।

24 नवंबर से सजेगा बजरंग कटाये घाट मेला

सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रम होंगे आकर्षण

सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर निगम ने बनाई रूपरेखा

कटनी, यशभारत। शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़े श्री बजरंग कटाये घाट मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मधई मंदिर से परंपरागत जुलूस निकालकर मेले का शुभारंभ किया जाएगा। इस बार मेले को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के साथ बच्चों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

मेला आयोजन को लेकर महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं और मनोरंजन गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। मेले में विज्ञान प्रदर्शनी, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता, सुंदरकांड, श्रीकृष्ण रासलीला, दीपावली नृत्य और लेजर लाइट शो जैसे आयोजन प्रस्तावित हैं। युवाओं और बच्चों के आकर्षण के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे।



सुरक्षा और सुविधाओं पर रहेगी नजर

महापौर ने अधिकारियों और शाला प्राचार्यों को साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस और मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था समय से पूरी करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के आवागमन और भोजन-पानी की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।

सीसीटीवी और कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

बैठक में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी और चमनलाल आनंद सहित जनप्रतिनिधियों ने मेले में आकर्षक सजावट, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए विशेष मनोरंजन गतिविधियां शामिल करने के सुझाव दिए। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, दुकानों का व्यवस्थित ले-आउट और खेल प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त मैदान तैयार करने पर भी चर्चा हुई।

महापौर ने कहा कि पिछले वर्ष सामने आई समस्याओं और इस बार बैठक में मिले सुझावों के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि मेला सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

बैठक में एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेद्र अहिरवार, जयनारायण निषाद, रामचंद्र तिवारी, चमनलाल आनंद, उपायुक्त शैलेश गुप्ता, प्रियंका झारिया, पार्षदों, एल्डरमैन, निगम अधिकारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



इलाज से लेकर अवैध शराब बिक्री तक उठे मुद्दे

अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को जांच और निराकरण के निर्देश दिए

कटनी, यशभारत। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में 122 आवेदकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। इनमें बेटी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, आवास के लिए जमीन, गौशाला अनुदान और अवैध शराब व गांजा बिक्री पर कार्रवाई जैसी मांगें शामिल रहीं।ग्राम वरनमहगवां के राममनोहर कोल ने कृषक जीवन कल्याण योजना की सहायता, बरही के मकाती उपाध्याय ने गौशाला अनुदान और बरहटा के अजय कुमार गुप्ता ने अवैध नशे के कारोबार पर कार्रवाई की मांग की। वहीं कनोर के अवधेश सिंह ने आधार-समग्र आईडी लिंक कराने, खमरिया के मनोज रैदास ने आवास के लिए भूमि और कटनी के संजीव कुमार यादव ने बेटी शिवांगी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का आवेदन दिया।

बस स्टैंड में कबाड़ कारोबारियों पर 15 हजार का जुर्माना

सार्वजनिक मार्ग पर फैला रखा था कबाड़, अवैध गैस रिफिलिंग करते मिला व्यक्ति; गैस सिलेंडर जब्त

कटनी, यशभारत। बस स्टैंड जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण और सुरक्षा नियमों की अनदेखी के मामलों पर नगर निगम ने कार्रवाई की है। मंगलवार को स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण शाखा की संयुक्त टीम ने कबाड़ सामग्री फैलाकर कारोबार करने वाले पांच व्यवसायियों पर कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही उन्हें निर्धारित सीमा में ही व्यवसाय करने की हिदायत दी गई।



बस स्टैंड परिसर में कबाड़ सामग्री सार्वजनिक मार्ग तक फैलाए जाने से यात्रियों और आम नागरिकों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। इससे सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। व्यवसायियों को चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक रास्तों पर सामान फैलाकर आवागमन बाधित करने पर आगे भी कार्रवाई होगी।

घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में रिफिलिंग, सिलेंडर जब्त

इसी दौरान बस स्टैंड के बाहर घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग किए जाने का मामला भी सामने आया। अग्निशमन एवं अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर सिलेंडर जब्त किया। बिना वैध अनुमति और अग्नि सुरक्षा मानकों के गैस रिफिलिंग करना आगजनी और विस्फोट जैसी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।निगम प्रशासन ने कहा है कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण, स्वच्छता नियमों की अनदेखी और असुरक्षित गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



स्वस्थ और शिक्षित मध्यप्रदेश पर छात्रों ने बनाए चित्र

जन अभियान परिषद ने किया आयोजन

कटनी, यशभारत। मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं की सहभागिता से मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर पोस्टर मेकिंग, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्वस्थ मध्य प्रदेश, शिक्षित मध्य प्रदेश, नशामुक्त मध्य प्रदेश, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि युक्त मध्य प्रदेश, जल युक्त मध्य प्रदेश, जल संरक्षण, हरा भरा मध्य प्रदेश, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य युक्त मध्य प्रदेश विषय पर अपनी कल्पनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र सहित समस्त परामर्शदाताओं एवं छात्र.छात्राओं की उपस्थिति रही। चित्रकला प्रतियोगिता के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने समृद्ध मध्यप्रदेश पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। और प्रदेश के विकास में जन भागीदारी बढ़ाने में अपनी भूमिका बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परामर्शदाताओं रामानुज पांडेय, संयोगिता मिश्रा, श्रीमती रूपा बर्मन, भारती बर्मन और रोशनी कुशवाहा की विशेष सहभागिता रही।

दीपावली पर नमकीन की मांग 5 गुना बढ़ी

पारंपरिक चिवड़ा-गुझिया की डिमांड तेज, ब्रांडेड मिठाई पर शिफ्ट हो रहे ग्राहक



कटनी, यशभारत। दीपावली बिना मिठाई और नमकीन के अधूरी है। बरसों से एक-दूसरे के घर मिठाई नमकीन लेकर जाने का चलन है, अब इसमें ड्राई फ्रूट्स के गिफ्ट पैक भी जुड़ गए हैं। त्योहार नजदीक आते ही बाजार में नमकीन की खपत 5 गुना तक बढ़ गई है, लेकिन प्लास्टिक महंगा होने से व्यापारियों की पैकेजिंग लागत डबल हो गई है। कटनी की मिठाई और नमकीन का स्वाद अब कई बड़ी कंपनियों की दिवाली का हिस्सा बन गया है।

इंदौर सेव भंडार के संचालक बसंत साहू ने बताया कि दीपावली के आसपास नमकीन का प्रोडक्शन पांच गुना बढ़ जाता है। इस दौरान प्राचीन समय से चले आ रहे पारंपरिक आइटम की डिमांड सबसे ज्यादा रहती है। खासतौर पर चिवड़ा, गुझिया, सेंव, मठरी जैसी चीजों की बिक्री अचानक तेज हो जाती है। कारखानों में दिन-रात काम चल रहा है। हालांकि इस बार व्यापारियों के सामने पैकेजिंग बड़ी चुनौती बन गई है। प्लास्टिक के दाम काफी बढ़ गए हैं, जिससे पैकेजिंग मटेरियल महंगा हो गया है।दूसरी ओर मिठाई बाजार में भी भी तेजी है। खाद्य विभाग की कार्रवाई और सैंपलिंग के डर से लोग छोटे व्यापारियों से बच रहे हैं और ब्रांडेड मिठाई आउटलेट्स पर जा रहे हैं। बड़े ब्रांड्स के यहां दीपावली के ऑर्डर अभी से बुक हो चुके हैं। व्यापारियों के अनुसार मिठाई में भी 20 प्रतिशत तक तेजी है। मिष्ठान विक्रेता रामजी अग्रवाल ने बताया कि त्योहारी सीजन में वे सिलेक्टेड आइटम ही बनाते हैं। इनमें मक्खन बड़े, बेसन बर्फी, काजू कतली, मूंग और मगज के लड्डू और बाइट्स ही बनाते हैं। तीस साल पहले से हमने मावे और दूध की मिठाई बनाना बंद कर दिया है, क्योंकि उसमें दिक्कतें ज्यादा आती हैं।

जिले की पहली एफआईआर, हार्वेस्टर जब्त

कलेक्टर के आदेश की अनदेखी पर चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

कटनी, यशभारत। उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम सहलावन पिपरिया में बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) के धान कटाई करते मिले हार्वेस्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया। मामले में चालक और मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत जिले की पहली एफआईआर दर्ज की गई है।पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर को सुनील कोल के खेत में हार्वेस्टर क्रमांक एमपी-04-डब्ल्यूए-8442 से कटाई की सूचना मिली थी। जांच में मशीन में न एसएमएस मिला और न बेलर। चालक शेख हलीम (36), निवासी रायसेन ने एसएमएस नहीं होने की बात स्वीकार की। हार्वेस्टर मालिक जितेन्द्र कुमार भी रायसेन का निवासी है।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष तिवारी ने 14 अक्टूबर को नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाते हुए बिना एसएमएस अथवा स्ट्रॉ रीपर के कटाई पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।





इस बार 6 दिन का होगा दीपोत्सव

8 नवंबर को दीपावली, 11 को भाईदूज

6 नवंबर को धनतेरस से होगी रोशनी के महापर्व की शुरूआत





कटनी, यशभारत। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत छह नवंबर को धनतेरस से हो रही है। इसके दूसरे दिन 7 नवंबर को नरक चौदस और 8 नवंबर को दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार तिथियों के घटने-बढ़ने से दीपोत्सव पर्व छह दिन का है। 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा और 11 नवंबर को भाईदूज मनाई जाएगी। 8 नवंबर को अमावस्या के साथ प्रदोष काल और स्थिर लग्न का संयोग है। इसे लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ माना जाता है। अमावस्या तिथि 8 नवंबर को सुबह 11.28 बजे शुरू होगी, जो नौ नवंबर को दोपहर 12.31 बजे तक रहेगी। ऐसे में 8 नवंबर को दिनभर अमावस्या रहने के साथ रात में निशीथ काल का संयोग भी बन रहा है।

प्रदोष काल और स्थिर लग्न का संयोग

दीपावली पर मां लक्ष्मी की आराधना के लिए इस बार प्रदोष काल और स्थिर लग्न का संयोग बन रहा है। अमावस्या तिथि के दौरान शाम के समय लक्ष्मी पूजन करना शुभ रहेगा। वृषभ लग्न को स्थिर लग्न माना जाता है। मान्यता है कि इस लग्न में पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य की वृद्धि होती है। दीपावली पर लक्ष्मी पूजन का समय शाम 5.54 से 7.50 बजे तक रहेगा। इस अवधि में पूजा करने से प्रदोष काल और स्थिर लग्न के संयोग का लाभ मिलेगा। वहीं रात में तंत्र साधना और विशेष पूजा करने वालों के लिए निशीथ काल का मुहूर्त रात 11.39 से 12.31 बजे तक रहेगा। पूजा के दौरान स्वच्छता, दीपदान और विधि विधान का ध्यान रखना चाहिए।

हस्त, चित्रा, स्वाति और विशाखा नक्षत्रों का भी संयोग

ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास के अनुसार दीपावली पर हस्त, चित्रा, स्वाति और विशाखा नक्षत्रों का संयोग भी रहेगा। दीपावली के बाद नौ नवंबर को दोपहर 12.31 बजे तक अमावस्या रहेगी। इसके बाद शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा शुरू हो जाएगी। प्रतिपदा तिथि दोपहर में शुरू होने के कारण गोवर्धन पूजा दस नवंबर को उदयातिथि के आधार पर की जाएगी। इसके अगले दिन 11 नवंबर को भाईदूज के साथ चित्रगुप्त पूजन होगा।

पर्व की महत्वपूर्ण तिथियां

6 नवंबर धनतेरस : कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि सुबह 10.30 बजे शुरू होगी। अगले दिन सुबह 10.48 बजे तक रहेगी।

7 नवंबर रूप चतुर्दशी : चतुर्दशी तिथि सुबह 10.38 बजे शुरू होगी और आठ नवंबर को सुबह 11.28 बजे तक रहेगी।

8 नवंबर दीपावली : कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि सुबह 11.28 बजे शुरू होगी। इसी दिन दीपावली मनेगी।

10 नवंबर गोवर्धन पूजा : उदयातिथि के अनुसार गोवर्धन पूजा होगी। प्रतिपदा तिथि दोपहर दो बजे तक रहेगी।

11 नवंबर भाईदूज : इस दिन भाईदूज का पर्व और चित्रगुप्त पूजन होगा।

नंबर प्लेट बदलकर चला रहा था चोरी की बाइक

कोतवाली पुलिस ने पकड़ा, बरामद की 7 महीने पहले चोरी बाइक

कटनी, यशभारत। कोतवाली पुलिस ने करीब सात माह पूर्व बाबा घाट रेलवे केबिन के सामने से चोरी हुई रेलवे कर्मचारी की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी के वाहन की पहचान छिपाने के लिए उसकी नंबर प्लेट और कंपनी के स्टीकर हटाकर इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 50 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरी गए वाहनों की बरामदगी के लिए संदिग्धों पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गायत्री नगर निवासी एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चला रहा है। सूचना के आधार पर 2 नवंबर को मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर शिवम कोरी 23 वर्ष निवासी गायत्री नगर गुमान सिंह गली को सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया।



इंजन और चेचिस नंबर से खुला राज

पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले मोटरसाइकिल को अपना बताते हुए दस्तावेज घर पर होने की बात कही। पुलिस ने जब इंजन और चेचिस नंबर के आधार पर जांच कीए तो वाहन मोहन लाल रैदास के नाम पर पंजीकृत मिला। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने मोटरसाइकिल बाबा घाट रेलवे केबिन के पास से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के मुताबिक फरियादी मोहन लाल रैदास निवासी रेलवे क्वार्टर जैन कॉलोनी के पास एनकेजे ने 9 मार्च को मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

अन्य चोरी की घटनाओं में भी पूछताछ

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली। आरोपी ने वाहन की पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेटए कंपनी के स्टीकर और मडगार्ड निकाल दिए थे। पुलिस के अनुसारए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है और उससे अन्य वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय, उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील सिंह, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, आरक्षक दीपक तिवारी, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन, अजीत सिंह और रोहित राठौर की सराहनीय भूमिका रही।



राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता पर छात्रों ने रखे विचार

विगढ़ कॉलेज में शैक्षिक एवं संवेदीकरण कार्यक्रम

विजयराघवगढ़, यशभारत। शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विशेष शैक्षणिक एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ अरुण कुमार की अध्यक्षता में महाविद्यालय के सभागार में मुख्य वक्ता एवं प्राध्यापकों द्वारा सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण में योगदान पर प्रमुख विषयों को विस्तार से रेखांकित किया गया। भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, विलय पत्र एवं प्रिवी पर्स, अखिल भारतीय सेवाओं की नींव आदि विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय इतिहास के सबसे नाजुक दौर की कूटनीतिक बारीकियों एवं राष्ट्रीय अखंडता, संप्रभुता और एकता के संवैधानिक मूल्यों विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सपना यादव ने प्रथम स्थान तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शोभना कोल ने द्वितीय स्थान तथा सुलेखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अखंड एवं अक्षुण्य भारत को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता की शपथ को दोहराया गया। एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम का आयोजन। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ ज्योति सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

लावारिस मिला रेत से भरा ट्रैक्टर

चालक फरार, बड़वारा पुलिस ने किया जब्त

कटनी, यशभारत। जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बड़वारा पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। 3 नवंबर को बड़वारा पुलिस भ्रमण पर थी। इसी दौरान ग्राम कांटी-मुहास के बीच लाल रंग का महिंद्रा कंपनी का एक ट्रैक्टर मिला, जिसकी ट्रॉली में रेत भरी हुई थी। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर.ट्रॉली के संबंध में वैधानिक कार्रवाई करते हुए अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई तथा रेत से भरे ट्रैक्टर.ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुयश पाण्डेय, एएसआई रामनाथ साकेत, आरक्षक रवि कुमार कोरी एवं आरक्षक आकाश रावत की विशेष भूमिका रही।



हार्वेस्टर मालिक और चालक पर केस

कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करना पड़ा भारी

कटनी, यशभारत। जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के बिना धान की कटाई करने के मामले में उमरियापान पुलिस ने हार्वेस्टर मालिक और चालक के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने हार्वेस्टर से संबंधित मामले में धारा 223 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के बिना हार्वेस्टर से धान की कटाई प्रतिबंधित है। इसी क्रम में 1 नवंबर को उमरियापान थाना क्षेत्र में एक हार्वेस्टर बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के धान की फसल की कटाई करते हुए पाया गया। मौके पर पुलिस ने हार्वेस्टर चालक शेख हलीम 36 वर्ष निवासी ग्राम अल्ली थाना एवं जिला रायसेन से पूछताछ की। चालक ने बताया कि वह वाहन स्वामी जितेन्द्र कुमार निवासी तालाब मोहल्ला थाना एवं जिला रायसेन के कहने पर धान की कटाई कर रहा था। उमरियापान पुलिस ने धारा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई की। कार्रवाई में थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक कोदूलाल दाहिया, प्रधान आरक्षक आशीष मेहरा, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, आरक्षक नीलेश पटेल एवं आरक्षक मोहन मुवेल की विशेष भूमिका रही।



संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश

"कचनार" ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016

ई-मेल-mptownplan@mp.gov.in, दूरभाष-0755-2427096

सूचना

क्रमांक I/528415/2026 टीसी/21/ कटनी/उपां- क/नयाति/2026 भोपाल, दिनांक30.10.2026

मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक-23 सन् 1973) की धारा 23-क की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन एतद् द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि, संचालक, नीचे दी गई अनुसूची में यथानिर्दिष्ट कटनी विकास योजना, 2021 में उपांतरण प्रस्तावित करता है।

अनुसूची

क्रं	ग्राम/ तहसील एवं जिला	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण प्रभात प्रस्तावित भू-उपयोग
			कुल रकबा	उपांतरण हेतु प्रस्तावित रकबा		
1	ग्रामः पुरैनी तहसील कटनी नगर जिला कटनी म प्र.	146/3	6.0	6.0	प्रस्तावित आवासीय	यातायात के अतंर्गत बस स्थानक
कुल रकबा			6.0	6.0		

शर्त :-

1. प्रश्नाधीन भूमि के पश्चिम दिशा मे कटनी विकास योजना , 2021 के अनुसार मुख्य मार्ग क्रमांक - 1 ग्राम पुरैनी बायपास मार्ग 60.00 मीटर चौडा स्थित है जिसकी चौडाई 60.00 मीटर छोडना आवश्यक होगा ।
2. ग्राम पुरैनी बायपास मार्ग मे आवेदित भूमि मे से 24.00 मीटर चौडा (डामरीकरण) मार्ग गुजरता है जो कि यातायात नगर की ओर जाता है इस मार्ग को प्रश्नाधीन भूमि मे यथावत रखना आवश्यक होगा ।
3. प्रश्नाधीन भूमि के उत्तर दिशा मे दो ग्रामो पुरैनी एवं चाका की सीमा स्थित है। इन ग्रामो की सीमा के मध्य 12.00 मीटर चौडा मार्ग रखना आवश्यक होगा तथा ग्राम सीमा के मध्य से दोनो ओर 6.00 मीटर – 6.00 मीटर भूमि सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।
4. यातायात के अतंर्गत बस स्थानक गतिविधियों हेतु नियमन तथा विकास मानदण्ड म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 एवं कटनी विकास योजना, 2021 के प्रावधानुसार लागू होंगे।
5. पर्यावरणीय एवं प्रदूषण के संबंध में संबंधित विभाग के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।
6. स्थल पर स्थित वृक्षों को यथासंभव यथास्थिति में रखा जाना आवश्यक होगा एवं वृक्षों को हटाने की दशा में संबंधित विभाग से अनुमति अनिवार्य होगी।

प्रस्तावित उपांतरण के ब्यौरे, सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिये आम जनता को निरीक्षण के लिये उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, कटनी (म.प्र.) तथा वेबसाईट www.mptownplan.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।

प्रस्तावित उपांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के कोई आपत्ति/सुझाव हो तो, वह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, म.प्र. भोपाल अथवा उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, कटनी (म.प्र.) को दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा एवं ऐसी आपत्तियों या सुझाव, जो ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान होने से पूर्व प्राप्त हो, पर विचार किया जाएगा।

G-20993/26

आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

सड़क पर बका लहराते तत्व गिरफ्तार

बड़वारा पुलिस ने की कार्रवाई



कटनी, यशभारत। बड़वारा थाना क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बड़वारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बका लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 नवंबर को ग्राम जगतपुर उमरिया के मदारी टोला से आगे पुलिया के पास गोपालपुर रोड पर शंकर बर्मन 38 वर्ष वर्ष निवासी ग्राम धनवाही कोतवाली, जिला उमरिया बका लहराकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुयश पाण्डेय, एएसआई महेश प्रताप सिंह, आरक्षक रवि कोरी एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम वर्षा बत्रा पति श्री जयराम दास बत्रा निवासी ग्राम कैमोर पोस्ट कैमोर वार्ड नं. 15 अमरैया पार तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी (म.प्र.) था। मैंने अपना नाम विधिवत परिवर्तित कर वर्षा देवी बत्रा रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम वर्षा देवी बत्रा से ही जाना एवं पहचाना जाए। मेरे समस्त दस्तावेजों एवं अभिलेखों में मेरा नया नाम मान्य होगा।

पूर्व नाम-वर्षा बत्रा
नवीन नाम-वर्षा देवी बत्रा
पति का नाम-जयराम दास बत्रा
पता-ग्राम कैमोर, पोस्ट कैमोर, वार्ड नं.15, अमरैया पार, तहसील विजयराघवगढ़, जिला कटनी (म.प्र.) 483880

डॉ. अदिति चौदहा
बी.डी.एस. मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ
पूर्व रेसीडेन्ट डेंटल सर्जन अपोलो हॉस्पिटल बैंगलूरू
Smile Zone Dental Clinic
आधुनिक उपकरणों एवं नई तकनीक से दंत चिकित्सा
क्लीनिक : मां दुर्गा हॉस्पिटल के पास, आदर्श कॉलोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

धर्मलोक हॉस्पिटल
पता- आदर्श कॉलोनी रोड, जयप्रकाश वार्ड, नई बस्ती, कटनी
फोन- 07622- 422390, 796084, मो. नं.- 8305402024
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, अस्थि रोग विभाग, मेडिसन विभाग, नवजात एवं शिशु विभाग, दंत विभाग, एक्टसीडेंट एवं ट्रामा यूनिट
आयुष्मान कार्ड से भी इलाज की सुविधा
24 घंटे-सीटी स्केन सुविधा, एम्बुलेंस सुविधा, मेडिकल स्टोर्स, इमरजेंसी एवं भर्ती की सुविधा

JOIN US : नीरज सिनेप्लेक्स
RATE LIST
लोवर 100/-
बालकनी 150/-
बॉक्स 200/-
रोजाना 3 शो ता.05 नवम्बर से
12:00PM, 03:30PM,07:00PM

AT DLG CINEMAS
FROM 5 NOVEMBER
12:00 AM, 1:30, 4 PM
5:30, 8:00, 9:30 PM
FOR BOOKING CONTACT :
DLG CITY CENTRE
माधवनगर गेट के पास, कटनी (म.प्र.) फोन 07622-473999
BOOKING OPEN NOW KINDLY VISIT | bookmyshow


JOIN US : सिटी प्राईड सिनेमा में
05 नवम्बर से रोजाना 4 शो
AUDI-1 - 3D 09:00AM | 3D 01:00PM | 2D 05:00PM | 3D 09:00PM
05 नवम्बर से रोजाना 4 शो
AUDI-2 - 2D 10:00AM | 2D 02:00PM | 2D 06:00PM | 2D 10:00PM

संपादकीय

बदलते मौसम की बढ़ती चुनौती


मौसम का बदलता मिजाज अब केवल मौसमी घटना नहीं, बल्कि जनजीवन, अर्थव्यवस्था और आपदा प्रबंधन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। एक चक्रवात की तबाही से उबरने के पहले दूसरे चक्रवात का दस्तक देना इस बात का संकेत है कि प्राकृतिक आपदाओं का स्वरूप लगातार जटिल होता जा रहा है। अर्नब के बाद मुरासु का प्रभाव और देश के बड़े हिस्से में बादल, बारिश, तेज हवाएं तथा तापमान में उतार-चढ़ाव इसी बदलती मौसमी परिस्थितियों की ओर इशारा करते हैं। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेज हवाओं और भारी बारिश से हुई तबाही, रेल और हवाई सेवाओं का बाधित होना तथा निचले क्षेत्रों में जलभराव की आशंका इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।
इस स्थिति का सबसे चिंताजनक पहलू मौसम की अनिश्चितता है। कभी तेज धूप और गर्मी तो कभी अचानक बारिश और ठंड का अहसास सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। मौसम का यह उतार-चढ़ाव खेती-किसानी से लेकर स्वास्थ्य तक कई क्षेत्रों के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। किसानों के लिए बेमौसम बारिश किसी बड़ी आर्थिक चोट से कम नहीं है। खेतों में खड़ी फसल, कटाई के लिए तैयार उपज और खुले में रखा अनाज तेज बारिश तथा ओलावृष्टि से प्रभावित हो सकता है। खासकर उन किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, जिन्होंने मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर फसल की कटाई और भंडारण की योजना बनाई है। ऐसे में कृषि विभाग को किसानों तक समय रहते मौसम संबंधी सूचनाएं पहुंचाने के साथ जरूरी सलाह भी उपलब्ध करानी चाहिए। दूसरी ओर तापमान में अचानक गिरावट का असर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर स्वास्थ्य वाले लोगों पर पड़ सकता है। बदलते मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। शहरों में जलभराव, पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और यातायात प्रभावित होने जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। आंध्र प्रदेश में चक्रवात के कारण रेल और हवाई सेवाओं का प्रभावित होना बताता है कि प्राकृतिक आपदा का असर केवल प्रभावित तटीय क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की परिवहन और आर्थिक गतिविधियों को भी प्रभावित करता है।
मध्य प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में भी मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी केवल अलर्ट जारी करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील इलाकों की पहचान, जल निकासी की व्यवस्था, बिजली और परिवहन सेवाओं की सुरक्षा तथा आपदा राहत दलों की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। स्थानीय निकायों को नालों की सफाई और जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखनी चाहिए। रेलवे और विमानन सेवाओं को भी यात्रियों तक समय पर सूचना पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत करनी होगी।
बदलते मौसम के पीछे सक्रिय मौसमी प्रणालियों की भूमिका को समझना जरूरी है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों, समुद्री तापमान में वृद्धि और चरम मौसमी घटनाओं के बढ़ते जोखिम पर वैज्ञानिक अध्ययन और दीर्घकालीन नीति की आवश्यकता है। हर आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य करना पर्याप्त नहीं है। हमें ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जो आपदा आने से पहले नुकसान कम करने में सक्षम हो। मौसम पूर्वानुमान की तकनीक, स्थानीय स्तर पर चेतावनी प्रणाली और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करना समय की मांग है। मौसम विभाग की चेतावनी तभी सार्थक होगी, जब वह समय रहते आम नागरिक तक पहुंचे और उसके आधार पर जरूरी तैयारी भी हो। नागरिकों को भी चेतावनी के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, सुरक्षित स्थानों पर रहने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रकृति के बदलते संकेतों को नजरअंदाज करने की कीमत समाज को भारी नुकसान के रूप में चुकानी पड़ सकती है। अब जरूरत मौसम के मिजाज पर चिंता जताने की नहीं, बल्कि उससे निपटने की मजबूत, वैज्ञानिक और दूरदर्शी तैयारी करने की है।

कड़वे वचन



हर वक्त भाग्य कोदोष देना भी ठीक नहीं है।कभी कभी हम भी हद से ज्यादा मांग लेते हैं।आज का कर्म ही तो कल का भाग्य है। इसलिए अच्छे भाग्य के लिए अच्छे कर्म करो।कौन कहता है कि मनुष्य कीहथेली की रेखाओं में उसका भाग्य लिखा होता है क्योंकि भाग्य तो उनका भी होता है, जिनके हाथ ही नहीं होते।अपना भाग्य मनुष्य खुद अपने हाथों से लिखता है।

आज का राशिफल






ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास


पंचांगः-4 नवम्बर, 2026
दिन-बुधवार, अश्विन शुक्ल 10



आज का दिन संपत्ति के संबंधित मामलों के लिए अच्छा रहने वाला है वाणी पर नियंत्रण रखें




धन संबंधित डील को फाइनल करने के पहले उसकी बड़ी क्यों पर अवश्य ध्यान दें




आज का दिन भागदौड़ भरा रहने वाला है काम के चलते थकान महसूस कर सकते हैं




आज का दिन तरक्की के नए मार्ग खोल सकता है विद्यार्थी वर्ग को मेहनत करनी पड़ेगी



अपने धन को सही दिशा में निवेश करने हेतु बड़ों की सलाह को ध्यान में रखकर आगे बढ़े




मित्र से किसी मामले को लेकर विवाद हो सकता है अपनी वाणी और क्रोध में नियंत्रण रखें



संतान पक्ष की ओर से कुछ अच्छी खबर मिल सकती है विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी




दिन स्वास्थ्य के मामले में कमजोर रहने वाला है अतः सेहत का ध्यान रखें




आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है मन में उत्साह बना रहेगा



कम पर फोकस बनाए रखें तभी वह कार्य पूरा होगा बेवजह तनाव न ले



सेहत संबंधित मामलों में लापरवाही ना करें बाहर के खानपान से बचे



आय के स्रोत को बढ़ाने के लिए अत्यधिक मेहनत करनी पड़ सकती है सोच समझकर कार्य आगे बढ़ाएं

आखिर क्या हो रहा है बच्चों को? मासूम मन में क्यों पनप रहा है हिंसा और बदले का भाव



बच्चों की दुनिया खेल, जिज्ञासा, दोस्ती और सीखने की सहज दुनिया मानी जाती है। छोटी-छोटी बातों पर रूठना और फिर कुछ देर में साथ खेलना बचपन की पहचान थी। लेकिन हाल की घटनाएं इस तस्वीर को बेचैन करने लगी हैं। पंचकूला के सरकारी स्कूल में तीसरी कक्षा के आठ वर्षीय छात्र पर आरोप है कि उसने केजी में पढ़ने वाली बच्ची को खाली कक्षा में ले जाकर बुरी तरह पीटा। नोएडा के एक स्कूल में सात वर्षीय छात्र को उसके पंद्रह से अधिक सहपाठियों ने कथित तौर पर फर्श पर गिराकर पीटा। आंध्र प्रदेश में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर दसवीं की छात्रा पर कक्षा में हमला किए जाने की घटना भी सामने आई। ये घटनाएं बच्चों की सुरक्षा, व्यवहार और सामाजिक वातावरण पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।
सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि हिंसक व्यवहार अब बहुत कम उम्र में दिखाई देने लगा है। आठ साल का बच्चा दूसरे बच्चे को चोट पहुंचाने की स्थिति तक कैसे पहुंचा? सात साल के छात्र के साथियों को समूह बनाकर उसे पीटने की प्रेरणा कहां से मिली? क्या बच्चों के मन में संवेदनाएं कम हो रही हैं या गुस्सा और बदले की भावना बढ़ रही है? इन सवालों का जवाब केवल यह कहकर नहीं दिया जा सकता कि आजकल के बच्चे बिगड़ गए हैं या कलयुग का प्रभाव है। इसके पीछे पारिवारिक वातावरण, सामाजिक बदलाव, मानसिक दबाव और बच्चों को मिलने वाले संस्कार जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।
बचपन में भावनाओं को पहचानने और संभालने की क्षमता धीरे-धीरे विकसित होती है। कई बच्चे निराशा, ईर्ष्या, अपमान और असुरक्षा को शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाते। वे अपनी परेशानी को चिल्लाने, मारपीट करने या दूसरों को परेशान करने के रूप में दिखाते हैं। इसका अर्थ है कि बच्चों को केवल अनुशासन सिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें गुस्से पर नियंत्रण, सहनशीलता और विवाद को बातचीत से सुलझाने की शिक्षा भी देनी होगी। कभी-कभी आक्रामक व्यवहार तनाव, डर, उपेक्षा या किसी अप्रिय अनुभव का संकेत भी हो सकता है।
परिवार बच्चे की पहली पाठशाला है। घर में माता-पिता के बीच लगातार झगड़े, अपमानजनक भाषा, गृह क्लेश और तनावपूर्ण वातावरण का असर बच्चों की मनोदशा पर पड़ सकता है। बच्चा बड़ों की बातें ही नहीं, उनका व्यवहार भी देखकर सीखता है। यदि घर में मतभेद का समाधान बातचीत के बजाय चिल्लाकर किया जाता है तो बच्चा भी यही तरीका अपना सकता है। हालांकि बच्चों के व्यवहार के लिए परिवार को अकेले दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। आर्थिक दबाव, माता-पिता की व्यस्तता, स्कूल का वातावरण और साथियों का प्रभाव भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज भौतिक सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन बच्चों के साथ बैठकर बातचीत करने का समय कम होता जा रहा है। मोबाइल और इंटरनेट ने मनोरंजन के अनेक रास्ते खोले हैं, लेकिन उम्र के अनुरूप निगरानी नहीं होने पर बच्चे हिंसा, गाली-गलौज और बदले की भावना को सामान्य दिखाने वाली सामग्री से प्रभावित हो सकते हैं। कई बार मोबाइल बच्चों को व्यस्त रखने का साधन बन जाता है और माता-पिता यह जानने का प्रयास ही नहीं करते कि बच्चा क्या देख रहा है। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के साथ खेलकूद, किताबों, संगीत और रचनात्मक गतिविधियों की ओर भी प्रेरित करना होगा।
बच्चों की मनोदशा समझने के लिए माता-पिता को उनसे प्रतिदिन बातचीत करनी चाहिए। केवल पढ़ाई, परीक्षा और अंकों के बारे में पूछना पर्याप्त नहीं है। यह भी जानना जरूरी है कि बच्चा किस बात से खुश है, किस बात से परेशान है और स्कूल में उसके मित्रों के साथ कैसा व्यवहार होता है। बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से करना, सबके सामने अपमानित करना और हर गलती पर कठोर दंड देना उनके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकता है। प्यार का अर्थ हर मांग पूरी करना नहीं है। उचित अनुशासन, स्पष्ट नियम और जिम्मेदारी का एहसास भी अच्छी परवरिश का हिस्सा हैं।
स्कूलों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के व्यवहार में बदलाव पहचानने वाले मार्गदर्शक भी हैं। कक्षा में पर्याप्त निगरानी, सुरक्षित वातावरण और बच्चों के बीच सहयोग की भावना विकसित करना जरूरी है। किसी बच्चे को लगातार चिढ़ाना, अलग-थलग करना या समूह में निशाना बनाना मामूली शरारत समझकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। स्कूल प्रबंधन को ऐसी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। आवश्यकता होने पर अभिभावकों के साथ बाल मनोवैज्ञानिक और परामर्शदाता की सहायता भी लेनी चाहिए।
बच्चे के स्वभाव में अचानक बदलाव, बार-बार गुस्सा, अत्यधिक चुप्पी, डर, दूसरों को परेशान करने की प्रवृत्ति या दोस्तों से दूरी दिखाई दे तो उसे केवल जिद समझकर टालना ठीक नहीं है। माता-पिता को धैर्यपूर्वक उसकी बात सुननी चाहिए। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। जिस बच्चे के साथ हिंसा हुई है, उसे सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग मिलना चाहिए। वहीं हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चे को भी सुधारने और सही दिशा दिखाने की जरूरत है। कम उम्र में किसी बच्चे को अपराधी का ठप्पा लगा देना समस्या का समाधान नहीं है।
समाज में बदलते पारिवारिक संबंध और पीढ़ियों के बीच बदलती अपेक्षाएं भी विचारणीय हैं। पहले परिवार के बुजुर्ग महत्वपूर्ण निर्णयों में बड़ी भूमिका निभाते थे, जबकि आज युवा अपनी पसंद और स्वतंत्रता को अधिक महत्व देते हैं। बदलाव अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी, धैर्य, सम्मान और दूसरों की भावनाओं को समझने का संस्कार भी जरूरी है। माता-पिता की बात मानना अंधानुकरण नहीं, बल्कि संवाद और परस्पर सम्मान का रिश्ता होना चाहिए।
आज युवाओं में बढ़ती निराशा और मानसिक दबाव की खबरें भी समाज को आत्ममंथन के लिए विवश करती हैं। किसी बच्चे या किशोर की परेशानी को कमजोरी या नाटक कहकर खारिज नहीं करना चाहिए। स्वयं को अथवा दूसरों को नुकसान पहुंचाने की बात को गंभीरता से लेकर परिवार, स्कूल और विशेषज्ञों की सहायता लेनी चाहिए।
बच्चे समाज का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की जिम्मेदारी भी हैं। उन्हें केवल अच्छे अंक और प्रतिस्पर्धा में आगे रहने की सीख देना पर्याप्त नहीं है। संवेदना, संयम, सहनशीलता, मित्रता और दूसरों के सम्मान का महत्व भी समझाना होगा। पंचकूला और नोएडा जैसी घटनाएं चेतावनी हैं कि घर, स्कूल और समाज को मिलकर बच्चों के मन की बात सुननी होगी। आखिर बच्चों को अच्छे संस्कार देने और उनका भविष्य सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की है। बचपन को भय, बदले और हिंसा से मुक्त रखना हम सबका सामूहिक दायित्व है।

(लेखक - कांतिलाल मांडोत)

प्रधानमंत्री ने भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो 2026 का किया उद्घाटन

- स्वच्छ ऊर्जा के वैश्विक नेतृत्व की ओर भारत की निर्णायक उड़ान,निवेश, नवाचार और तकनीकी आत्मनिर्भरता के त्रिकोण से विकसित भारत का ऊर्जा संकल्प, वैश्विक सहयोग को नई दिशा देने की तैयारी

ऊर्जा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास और सामाजिक समृद्धि का आधार होती है। आधुनिक युग में किसी देश की विकास क्षमता का आकलन केवल उसके सकल घरेलू उत्पाद या औद्योगिक उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से भी किया जाता है कि वह अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को किस सीमा तक सुरक्षित, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल बना सकता है। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव, जीवाश्म ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितताओं ने दुनिया को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर गंभीरता से सोचने के लिए विवश किया है। ऐसे समय में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को अपनी विकास नीति और ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख आधार बनाया है। इसी दिशा में नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 से 5 नवंबर 2026 तक आयोजित भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो 2026 महत्त्वपूर्ण वैश्विक पहल के रूप में सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 नवंबर को इस चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। 'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' इसकी केंद्रीय थीम है। यह आयोजन भारत की उपलब्धियों को दुनिया के सामने रखने के साथ स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश, तकनीकी साझेदारी और औद्योगिक विकास की नई संभावनाएँ खोलने का मंच बन रहा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आज के आधिकारिक वक्तव्य में भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की गति और सौर ऊर्जा की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, च्भारत का स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन गति पकड़ रहा है और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सौर ऊर्जा की भूमिका बढ़ रही है।ज्‌ उन्होंने छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों के विस्तार, ऊर्जा भंडारण और पारेषण में निवेश के महत्त्व को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री के अनुसार यह परिवर्तन बिजली के बिल कम करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में सहायक है। उन्होंने यह टिप्पणी केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और माइक ब्लूमबर्ग के उस आलेख को साझा करते हुए की, जिसमें भारत की सौर ऊर्जा यात्रा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं का उल्लेख है। यह कथन भारत की ऊर्जा नीति के तीन महत्त्वपूर्ण पक्षों को सामने लाता है। पहला, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार; दूसरा, आम नागरिकों को उसका लाभ; और तीसरा, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश तथा रोजगार के अवसरों का निर्माण।
वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भागीदारी - - >भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन की व्यापकता इसकी अंतरराष्ट्रीय भागीदारी से स्पष्ट होती है। इसमें 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों, 40 से अधिक मंत्रियों, नीति-निर्माताओं, निवेशकों, वित्तीय संस्थानों और उद्योग जगत के प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारी हो रही है। ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और ब्रिटेन भागीदार देशों के रूप में शामिल हैं। भारत के 13 राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल अपनी ऊर्जा क्षमता, निवेश संभावनाओं तथा विनिर्माण संबंधी उपलब्धियों को प्रस्तुत कर रहे हैं। एक्सपो में 400 से अधिक प्रदर्शक सौर एवं पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा को केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि भविष्य के उद्योग और वैश्विक आर्थिक सहयोग के बड़े क्षेत्र के रूप में देख रहा है।
308 गीगावाट से 500 गीगावाट तक का लक्ष्य - ->भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा को समझने के लिए गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत क्षमता के आँकड़े महत्त्वपूर्ण हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार देश की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित विद्युत क्षमता 308 गीगावाट तक पहुँच चुकी है। भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए वर्ष 2027 से 2030 के बीच लगभग 220 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की आवश्यकता का अनुमान है। जुलाई 2024 से जून 2026 के बीच भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 63.7 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश हुआ है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा और सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता में विश्व में तीसरे तथा पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर है। ये आँकड़े भारत की प्रगति को रेखांकित करते हैं, परंतु भविष्य की चुनौती इससे कहीं बड़ी है। बढ़ती बिजली माँग, उद्योगों की आवश्यकताओं और आधुनिक तकनीकी ढाँचे के विस्तार के अनुरूप उत्पादन तथा वितरण व्यवस्था को मजबूत करना होगा।
सौर ऊर्जा से घर-घर तक विकास का लाभ - ->प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्जा को आम परिवारों तक पहुँचाने की दिशा में नई संभावनाएँ पैदा की हैं। घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित होने से उपभोक्ता अपनी बिजली की आवश्यकता का एक हिस्सा स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे बिजली बिल में राहत के साथ अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन की संभावना भी बढ़ती है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में रूफटॉप सौर ऊर्जा के विस्तार को विशेष महत्त्व दिया है। यह पहल ऊर्जा उत्पादन के पारंपरिक केंद्रीकृत मॉडल से आगे बढ़कर नागरिकों को ऊर्जा व्यवस्था का सहभागी बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण है। इसी प्रकार पीएम-कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई और कृषि उपयोग के लिए प्रोत्साहित करती है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यदि किसान अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए सौर संसाधनों का उपयोग बढ़ाते हैं, तो इससे कृषि लागत घटाने, सिंचाई व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। सौर ऊर्जा का वास्तविक सामाजिक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब छोटे किसानों, मध्यम वर्गीय परिवारों और ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका लाभ सहज रूप से पहुँचे।

ऊर्जा भंडारण और पारेषण की चुनौती

सौर और पवन ऊर्जा की उपलब्धता प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है। सूर्यास्त के बाद सौर ऊर्जा उत्पादन बंद हो जाता है और हवा की गति में परिवर्तन से पवन ऊर्जा उत्पादन प्रभावित होता है। इसलिए केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। ऊर्जा को संग्रहित करने और आवश्यकता के समय उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। बैटरी ऊर्जा भंडारण, पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाएँ और आधुनिक विद्युत पारेषण नेटवर्क इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएँगे। प्रधानमंत्री ने भी ऊर्जा भंडारण और पारेषण में निवेश को स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन का महत्त्वपूर्ण आधार बताया है। भारत को ऐसे विद्युत ग्रिड विकसित करने होंगे, जो अलग-अलग राज्यों में उत्पादित सौर और पवन ऊर्जा को आवश्यकता वाले क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें। इसके लिए तकनीकी उन्नयन, निवेश, भूमि उपलब्धता और परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। ऊर्जा भंडारण की लागत कम करना भी एक बड़ी प्राथमिकता है।

हरित हाइड्रोजन से औद्योगिक परिवर्तन

भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन के साथ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की नौवीं सभा और हरित हाइड्रोजन पर चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है। इन तीनों आयोजनों का एक मंच पर आना भारत की व्यापक ऊर्जा दृष्टि को दर्शाता है। हरित हाइड्रोजन भविष्य में इस्पात, उर्वरक, रसायन, भारी परिवहन और अन्य ऊर्जा-गहन उद्योगों के लिए स्वच्छ ईंधन का विकल्प बन सकता है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से भारत इस क्षेत्र में उत्पादन, तकनीकी विकास और निवेश की संभावनाएँ तलाश रहा है। इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता, इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण, भंडारण और परिवहन की व्यवस्था विकसित करनी होगी। यदि भारत इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी उत्पादन लागत हासिल कर लेता है, तो घरेलू उद्योगों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

तकनीकी आत्मनिर्भरता और रोजगार का नया आधार

ऊर्जा परिवर्तन की सफलता के लिए घरेलू विनिर्माण क्षमता का विस्तार अनिवार्य है। सौर पैनल, बैटरी, इनवर्टर, पवन टरबाइन, इलेक्ट्रोलाइजर और ऊर्जा नियंत्रण प्रणालियों के निर्माण में भारत को अपनी तकनीकी क्षमता बढ़ानी होगी। केवल आयातित उपकरणों के सहारे दीर्घकालीन ऊर्जा आत्मनिर्भरता संभव नहीं है। अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप और उद्योगों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना होगा। सम्मेलन में आयोजित तकनीकी प्रदर्शनियों, उद्यमी संवादों और नवाचार संबंधी गतिविधियों से नए विचारों को औद्योगिक परियोजनाओं में बदलने का अवसर मिलेगा। स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरों, तकनीशियनों, अनुसंधानकर्ताओं और कुशल श्रमिकों के लिए रोजगार की नई संभावनाएँ भी विकसित होंगी। इस दृष्टि से कौशल विकास और प्रशिक्षण को ऊर्जा नीति का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। वैश्विक दक्षिण के लिए सहयोग का अवसर - -> स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन केवल विकसित अर्थव्यवस्थाओं का विषय नहीं है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के अनेक विकासशील देश ऊर्जा की बढ़ती माँग और वित्तीय संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। भारत का अनुभव इन देशों के लिए उपयोगी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के माध्यम से सौर ऊर्जा के विस्तार, वित्तीय सहयोग और संस्थागत क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत की भूमिका केवल तकनीक और उपकरण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विकासशील देशों को उनकी परिस्थितियों के अनुरूप समाधान विकसित करने में भी सहयोग देना चाहिए। इसके लिए वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय संगठनों और निजी कंपनियों की साझेदारी जरूरी है। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश का लाभ व्यापक मानव समुदाय तक पहुँचना चाहिए।

(लेखक- विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला')

मिलावटखोरी पर आफत बना शुद्ध ही शुभ है अभियान

उत्तर प्रदेश में मिलावटखोरों और नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा शुद्ध ही शुभ है अभियान के तहत बड़े पैमाने पर छापेमारी की जा रही है। त्योहारों विशेषकर दीपावली के मद्देनजर शुरू किए गए इस राज्यव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों तक सुरक्षित भोजन और भरोसेमंद स्वास्थ्य उत्पाद पहुंचाना है।
खाद्य सुरक्षा की टीमों ने उत्तर प्रदेश के 38 जिलों और 17 मंडलों में फैले 260 से अधिक दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की है। इसके अलावा, 6 प्रमुख जिलों में 317 से अधिक होटलों और रेस्टोरेंट की गहन जांच की गई।
जांच के दौरान कई नामी प्रतिष्ठानों में हाइजीन (सफाई) की भारी कमी, एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल, कीड़े-मकौड़ों व चूहों का संक्रमण और वेज-नॉनवेज को अलग न रखने जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। कई जगहों पर मिठाइयां खुले में रखी मिलीं और पनीर में स्टार्च मिलाने के मामले भी पकड़े गए।नियमों का उल्लंघन करने पर कई दुकानदारों के लाइसेंस रद्द/निलंबित कर दिए गए हैं। संभल जैसे जिलों में छापेमारी कर करीब 820 किलो मिलावटी रसगुल्ले और 50 लीटर खराब दूध को मौके पर ही नष्ट कराया गया।
प्रदेश के विभिन्न बाजारों जैसे प्रतापगढ़, संभल, वाराणसी, आगरा, लखनऊ से खोया, घी, पनीर, छैना और सोनपापड़ी के सैकड़ों नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। इसके साथ ही, गुलाब जल के नाम पर नशीले पदार्थ (ड्रग्स) बनाने वाले माफियाओं के खिलाफ भी सरकार ने सख्त एक्शन लिया है
आपको बता दें कि यूपी की राजधानी लखनऊ के नादरगंज स्थित महेश नमकीन प्रतिष्ठान में निरीक्षण के दौरान गंदगी, मकड़ी के जाले, कबूतरों की मौजूदगी और भंडारण संबंधी गंभीर खामियां मिलीं. स्थिति को देखते हुए विभाग ने तत्काल नमकीन उत्पादन पर रोक लगा दी. इसके अलावा 18 अन्य प्रतिष्ठानों को कमियां दूर करने के लिए सुधार नोटिस जारी किए गए. खाद्य पदार्थों और तलने वाले तेल के 19 नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं.हापुड़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एनएच-9 पर चोटीवाला ढाबे के पास एक वाहन की जांच के दौरान 600 किलोग्राम पनीर बरामद किया. यह पनीर मुरादाबाद से दिल्ली बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था. जांच में पनीर गंदे बर्तनों में अखाद्य बर्फ के साथ अस्वच्छ परिस्थितियों में रखा मिला. खट्टेपन और दुर्गंध के कारण मिलावट की आशंका पर दो नमूने जांच के लिए लिए गए. शेष 597 किलोग्राम पनीर, जिसकी कीमत लगभग 1.81 लाख रुपये बताई गई, नियमानुसार गड्ढे में दबाकर नष्ट कर दिया गया.
इसके अलावा हापुड़ जनपद में पिलखुवा क्षेत्र में एक गैर मानकीकृत कारखाने में नकली बंगाली मिठाई बनती पकड़ी गई 650 किलो मिठाई नष्ट करा दी गयी।
रायबरेली में नरेश स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट पर छापेमारी के दौरान तीन नमूने संग्रहित किए गए. खाद्य सामग्री की गुणवत्ता खराब मिलने पर 348 किलोग्राम बेसन और मिठाई, जिसकी कीमत करीब 48 हजार रुपये थी, मौके पर ही नष्ट कराई गई. साथ ही आवश्यक सुधार होने तक प्रतिष्ठान को बंद करा दिया गया.
रिपोर्ट्स के अनुसार खाद्य सुरक्षा जांच के साथ-साथ विधिक माप विज्ञान विभाग भी त्योहारों के दौरान बाजारों में सक्रिय है. 26 अक्टूबर से शुरू हुआ विशेष अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 2 से 5 नवंबर तक संचालित होगा. विभाग की टीमें मिठाई-गिफ्ट पैक, एलपीजी सिलेंडर, खाद्य तेल, घी, आटा, मैदा, सूजी, ज्वैलर्स प्रतिष्ठानों और पेंट कारोबारियों की जांच कर रही हैं. विशेष रूप से मिठाई के डिब्बों के वजन को मिठाई में जोड़कर अधिक कीमत वसूलने, एमआरपी से ज्यादा राशि लेने और माप-तौल में गड़बड़ी जैसी शिकायतों पर फोकस किया जा रहा है. खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश में विधिक माप विज्ञान विभाग का विशेष जांच अभियान तेज कर दिया गया है. दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज और छठ जैसे प्रमुख पर्वों को देखते हुए विभाग की टीमें बाजारों में औचक निरीक्षण कर रही हैं. अभियान के तहत घटतौली, पैकेज्ड वस्तुओं पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक वसूली और माप-तौल से जुड़ी अनियमितताओं पर विशेष नजर रखी जा रही है. 26 अक्टूबर से शुरू हुआ यह अभियान 31 अक्टूबर तक पहले चरण में और 2 से 5 नवंबर तक दूसरे चरण में जारी रहेगा.मिठाई और गिफ्ट पैक, एलपीजी सिलेंडर, खाद्य तेल, घी, आटा, मैदा, सूजी, ज्वैलर्स प्रतिष्ठान और पेंट कारोबारियों को विशेष निगरानी में रखा गया है. विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि उपभोक्ताओं को घोषित मात्रा के अनुरूप वस्तुएं मिलें और उनसे निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली न की जाए. सरकार का कहना है कि त्योहारों के दौरान नागरिकों को सुरक्षित, पारदर्शी और निष्पक्ष खरीदारी का माहौल उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. इस अभियान से मिलावटखोरो में हडकंप मच गया है।

(लेखक - मनोज कुमार अग्रवाल)

एमपी में अंतरराष्ट्रीय हॉकी का महाकुंभ

भोपाल बनेगा ग्लोबल विमेंस हॉकी का हब, 166 देशों में होगा सीधा प्रसारण

भोपाल, यशभारत

मध्य प्रदेश की खेल राजधानी भोपाल एक और ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि के मुहाने पर खड़ी है। राज्य में पहली बार महिला हॉकी का सबसे बड़ा महामुकाबला होने जा रहा है। खेल, युवा कल्याण और संस्कृति के संगम के रूप में उभर रहे भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आगामी 19 से 28 नवंबर 2026 तक एशियन वुमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का भव्य आयोजन होगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के जरिए भोपाल और मध्य प्रदेश वैश्विक मानचित्र पर महिला हॉकी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस महामुकाबले में मेजबान भारत के साथ-साथ एशिया की पांच दिग्गज हॉकी टीमें खिताब के लिए अपनी ताकत झोकेंगी। टूर्नामेंट में जापान, चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें लगभग 150 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिरकत करेंगी। खिलाड़ियों के बीच होने वाली यह कड़ी टक्कर दर्शकों को रोमांच से भर देगी।



166 देशों में लाइव ब्रॉडकास्ट, दुनिया देखेगी मप्र की ताकत

यह आयोजन सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का भी बड़ा मंच है। टूर्नामेंट के सभी रोमांचक मुकाबलों का सीधा प्रसारण दुनिया के 166 देशों में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। नाथू बरखेड़ा के नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और अत्याधुनिक एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड पर पांच हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में फ्लड लाइट्स की रोशनी के बीच डे-नाइट मुकाबले खेले जाएंगे, जो खेल प्रेमियों के लिए एक विहंगम अनुभव होगा।

टीटी नगर स्टेडियम में पूरा हुआ एमओयू, विशेष जर्सी भेंट-टूर्नामेंट की तैयारियों को अमलीजामा पहनाने के लिए हाल ही में खेल मंत्री विश्वास सारंग की विशेष मौजूदगी में टीटी नगर स्टेडियम में महत्वपूर्ण प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान एशियन हॉकी फेडरेशन, हॉकी इंडिया और मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बीच आधिकारिक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर मुहर लगी। इस अवसर पर भारतीय हॉकी फेडरेशन के सचिव भोलानाथ सिंह ने एशियन गेम्स-2026 में स्वर्ण पदक विजेता रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों के हस्ताक्षर और उनके नाम से सुसज्जित विशेष जर्सी व हॉकी स्टिक भेंट कर इस आयोजन के ऐतिहासिक महत्व को और बढ़ा दिया।

जनजातीय संस्कृति और स्वाद से सजेगा आयोजन

अंतरराष्ट्रीय मेहमानों और दर्शकों के लिए खेल के साथ-साथ मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आतिथ्य को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विशेष ट्राइबल फूड और आर्ट स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इसके माध्यम से दुनिया भर से आने वाले मेहमानों को मध्य प्रदेश की अनूठी जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक कलाओं और खानपान से रूबरू कराया जाएगा।

इस महाआयोजन के प्रति प्रदेशभर में जन-उत्साह और खेल के माहौल को चरम पर पहुँचाने के लिए भोपाल से एक भव्य ट्रॉफी टूर की शुरुआत की जाएगी, जो मध्य प्रदेश के सभी संभागों का दौरा करेगा। यह टूर आम जनता और युवाओं को इस ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से सीधे जोड़ने का काम करेगा।

रेलवे पेंशनर्स के लिए विशेष शिविर, स्वास्थ्य जांच के साथ बनेगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

भोपाल, यश भारत। पश्चिम मध्य रेल द्वारा पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की सुविधा के लिए नवंबर माह में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना निशातपुरा में 1 से 30 नवंबर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके तहत 4 नवंबर को मंडल रेल चिकित्सालय निशातपुरा और 5 नवंबर को पॉलीक्लीनिक हबीबगंज में शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर को इटारसी 19 को बीना और 26 नवंबर को गुना में शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अपलोड करने का प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। वहीं सादिकपुरा स्थित वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ कार्यालय में कार्यदिवसों पर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक सुविधा मिलेगी। 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स को विशेष सहायता दी जाएगी। साथ ही साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी भी दी जाएगी।



योग से सेहत का संदेश, छोटी आदतों से पर्यावरण संरक्षण की सीख

भोपाल मंडल में मना रहा ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक, रेलवे स्टेशनों से अस्पतालों तक हो रहे जागरूकता कार्यक्रम

भोपाल, यश भारत।

स्वस्थ शरीर और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश लेकर भोपाल रेल मंडल में ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक मनाया जा रहा है। भारतीय रेलवे की ओर से 1 से 7 नवंबर तक आयोजित इस अभियान के तहत मिशन लाइफ के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों और रेलवे अस्पताल में योग सत्र आयोजित किए गए। इनमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस सप्ताह ऊर्जा और जल संरक्षण, खाद्य अपव्यय रोकने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग घटाने, ई-कचरे के उचित निस्तारण और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जा रही है।

रेलवे का उद्देश्य लोगों को दैनिक जीवन में छोटी-छोटी आदतें बदलने के लिए प्रेरित करना है ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके और पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी का अभियान बने।



बिजली कंपनी के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा, अब मिलेगा 60 फीसदी

भोपाल, यश भारत। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने नियमित कार्मिकों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 58 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया है। यह लाभ 1 जनवरी 2026 से सातवें वेतनमान के तहत लागू होगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान अक्टूबर 2026 के वेतन के साथ किया जाएगा। जनवरी से सितंबर 2026 तक के एरियर का भुगतान नवंबर, दिसंबर 2026 और जनवरी 2027 के वेतन के साथ तीन समान किश्तों में होगा। इस अवधि में सेवानिवृत्त या दिवंगत हुए कर्मचारियों को एरियर की राशि एकमुश्त दी जाएगी। वहीं कंपनी ने पेंशनरों और परिवार पेंशनरों की महंगाई राहत में भी वृद्धि की है। छठवें वेतनमान के तहत महंगाई राहत 262 प्रतिशत और सातवें वेतनमान के तहत 60 प्रतिशत निर्धारित की गई है। छठवें वेतनमान में 5 प्रतिशत और सातवें वेतनमान में 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बढ़ी हुई राहत जुलाई 2026 से देय होगी।



सड़कों से पकड़े 28 आवारा पशु, कांजी हाउस भेजे

बीमार और घायल 4 पशुओं को पहुंचाया आसरा पशु चिकित्सालय, हांका पार्टी ने 15 पशुओं को हटाया

भोपाल, यश भारत। शहर की सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों पर खुले में विचरण करने वाले पशुओं को हटाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 28 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा जबकि बीमार और घायल 4 पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय पहुंचाया। वहीं हांका पार्टी ने 15 पशुओं को सड़कों से हटाया । निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर लिंक रोड अटल पथ नेहरू नगर माता मंदिर अवधपुरी पिपलानी साकेत नगर बरखेड़ा पठानी गांधी नगर एयरपोर्ट लालघाटी करोंद भानपुर और अयोध्या बायपास सहित कई क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। निगम की टीम ने सार्वजनिक स्थलों से पशुओं को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्रवाई की।



शहरभर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, 4 ठेले और 25 कैरेट जब्त

भोपाल, यश भारत। नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहा। निगम अमले ने सीएम हेल्पलाइन महापौर हेल्पलाइन से मिली शिकायतों और नियमित कार्रवाई के तहत कई स्थानों से अवैध कब्जे हटाए। इस दौरान 4 ठेले 1 काउंटर और 25 कैरेट जब्त किए गए। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर कोलार सनखेड़ी 1100 क्वार्टर अंकुर खेल परिसर औरा मॉल बागमुगालिया 11 मील जवाहर चौक भारत टॉकीज रेलवे स्टेशन पीरगेट रॉयल मार्केट और ईदगाह हिल्स सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। बागमुगालिया में चार अवैध चबूतरे और 11 मील व राजहर्ष कॉलोनी में अस्थायी छप्पर हटाए गए। भारत टॉकीज साजिदा नगर और रॉयल मार्केट से रास्ते में बाधक वाहन भी हटवाए गए। वहीं न्यू मार्केट में दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाकर निर्धारित सीमा में रखवाया गया। सड़क और फुटपाथ पर कारोबार करने वाले हॉकर्स को टीटी नगर हाट बाजार भेजा गया। निगम ने दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश भी दी।

मामे खान के सुरों पर झूम उठा लाल परेड ग्राउंड, राजस्थानी लोकगीतों ने बांधा समां

जनजातीय नृत्यों से लेकर सूफियाना संगीत तक दिखी संस्कृति की विविधता

भोपाल, यश भारत।

मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस समारोह का समापन मंगलवार को लोक एवं जनजातीय संस्कृति और राजस्थानी संगीत के शानदार संगम के साथ हुआ। लाल परेड ग्राउंड में आयोजित अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायक मामे खान ने अपनी दमदार आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारिया कोरकू और घासी जनजातियों के पारंपरिक नृत्यों से हुई। इसके बाद गुजरात छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र तेलंगाना और राजस्थान के कलाकारों ने लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां दीं। मामे खान ने केसरिया बालम से गायन शुरू कर वंदे मातरम् चौधरी छाप तिलक और दमादम मस्त कलंदर? जैसे गीतों से माहौल संगीतमय कर दिया। रेशम का रूमाल ने भी खूब रंग जमाया। तीन दिवसीय आयोजन में प्रदर्शनियों देशज व्यंजन मेले किसान बाजार और महिला उद्यमिता मंडप ने भी लोगों को आकर्षित किया।



मिठी के बच्चों ने दीपोत्सव पर अपनाया परोपकार का मार्ग



हिरदाराम नगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में परोपकार, सामाजिक उत्तरदायित्व और जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना विकसित करना था।

बच्चों से कहा गया कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि वंचित लोगों के जीवन में भी खुशियां फैलाने का अवसर है। इस पहल के तहत छात्रों को प्रोत्साहित किया गया कि वे अपनी क्षमतानुसार जरूरतमंद बच्चों या परिवारों को कपड़े, मिठाइयां, बर्तन या उपहार भेंट करें तथा अपने इस अनुभव को लिपिबद्ध कर फोटो के साथ क्लास टीचर से साझा करें।

प्राचार्या रेखा केवलानी ने कहा कि पर्व का असली आनंद तभी है जब हमारी खुशियों की चमक किसी गरीब के आशियाने को भी रोशन करे। उपप्राचार्या दिव्या कृपलानी ने विचार व्यक्त किया कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं।

80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग रमेश प्रसाद को मिली ट्रायसाइकिल

जनसुनवाई में 116 आवेदकों ने रखीं समस्याएं, अधिकारियों ने सुनी फरियाद

कई मामलों का मौके पर निराकरण

भोपाल, यश भारत।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जनसुनवाई में एडीएम पीसी शाक्य और अपर कलेक्टर महेन्द्र कबचे ने आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान 80 प्रतिशत से अधिक पैरों से दिव्यांग रमेश प्रसाद को अपर कलेक्टर महेन्द्र कबचे एवं डिप्टी कलेक्टर अर्चना शर्मा ने ट्रायसाइकिल प्रदान की। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की बात धैर्यपूर्वक सुनी और समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही मौके पर उपस्थित एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करने और संबंधित क्षेत्रों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



एम्स भोपाल में बुजुर्ग कैंसर मरीजों की देखभाल पर विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित

भोपाल, यश भारत।

ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अंतर्गत एम्स भोपाल में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के जराचिकित्सा जेरिएट्रिक मेडिसिन के विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया। इसका विषय मैलिग्नेंसी गंभीर रूप से बीमार मरीजों की देखभाल और बुजुर्गों में उपशामक देखभाल रहा। सत्र में एम्स भोपाल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा चौधरी ने विद्यार्थियों को कैंसर से पीड़ित बुजुर्ग मरीजों की देखभाल के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की जरूरतों उपचार के दौरान संवेदनशीलता और उपशामक देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार और डॉ. सिवानी तमांग ने किया। इस दौरान बुजुर्ग मरीजों की गरिमा बनाए रखने उनकी शारीरिक एवं मानसिक जरूरतों को समझने और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सत्र का उद्देश्य भावी स्वास्थ्य पेशेवरों को बुजुर्ग कैंसर मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और बेहतर देखभाल के लिए प्रशिक्षित करना रहा।



हनुमान चालीसा पाठ के साथ मेधावी विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



हिरदाराम नगर.

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ भी किया गया।

मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने विद्यार्थियों को हनुमान जी की तरह अपनी असीम शक्ति पहचानने और निरंतर मेहनत कर आकाश छूने के लिए प्रेरित किया। संस्था के अध्यक्ष श्री सुषील वासवानी ने समय का सदुपयोग, बड़ों का आदर, मधुर वाणी और मानव सेवा का संदेश दिया। सचिव बसंत चेलानी ने न्यूनतम फीस में अधिकतम सुविधा देने की बात कही, जबकि समाजसेवी मनोहर वासवानी ने ईश्वर के नाम से शुरुआत कर दूसरों के हित में सोचने की प्रेरणा दी। प्राचार्य आर.के. मिश्रा और मोन्टेसरी इंचार्ज प्रियांषी आडवानी सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में चन्दर नागदेव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एलएनसीटी कॉलेज में युवा संसद और युवा संवाद का आयोजन, 200 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

नशा मुक्ति और विकसित भारत के संकल्प के साथ युवाओं ने ली लोकतांत्रिक प्रतिज्ञा

भोपाल, यश भारत।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत माय भारत भोपाल द्वारा 3 नवंबर को एलएनसीटी कॉलेज में युवा संसद और विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं और युवाओं ने भाग लेकर नशा मुक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के पहले सत्र में नशा मुक्त युवा विषय पर चर्चा हुई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भोपाल के सुपरिंटेंडेंट कौशिक मन्ना और जूनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर अमन पचौरी ने नशे से जुड़े कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका की जानकारी दी। ब्रह्माकुमारीज के सुखेंद्र जी ने आत्मनियंत्रण और मानसिक मजबूती का संदेश दिया। वहीं राजीव तिवारी ने युवाओं को साथियों के दबाव में नशे से दूर रहने की सलाह दी। दूसरे सत्र में स्पोर्ट्स आइकॉन तरुण सिंह, विशाल कुमार और यूथ आइकॉन नंदिनी पांडे ने युवाओं से संवाद किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विचार रखे। इस दौरान नशा विरोधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने नशा मुक्त रहने और लोकतांत्रिक मूल्यों के पालन की शपथ भी ली। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में माय भारत भोपाल की डिप्टी डायरेक्टर निक्की राठौर ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



सज गया पर बाजार में ग्राहकी अभी ठंडी

दीपावली की रौनक पर महंगाई का ग्रहण





बर्तनों से लेकर पूजन सामग्री तक बढ़े दाम; लाई, बताशा और पेठा भी 10 से 15 प्रतिशत महंगे

कटनी, यशभारत। दीपावली की आहट के साथ कटनी के बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। दुकानों पर रंग-बिरंगी सजावट के बीच बर्तनों से लेकर पूजन सामग्री तक की दुकानें सज गई हैं। त्योहार की खरीदारी के लिए लोग बाजार पहुंच रहे हैं, लेकिन इस बार बढ़ती कीमतों ने ग्राहकों का बजट बिगाड़ दिया है। बाजार में चहल-पहल के बावजूद ग्राहकी अभी व्यापारियों की उम्मीद के मुताबिक नहीं है। तांबे, पीतल और स्टील के बर्तनों से लेकर पूजा के सामान और मिठास से जुड़े पारंपरिक उत्पादों तक महंगाई का असर दिखाई दे रहा है। दीपावली की तैयारियों के बीच हर जरूरी वस्तु की कीमत बढ़ने से लोगों को खरीदारी में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

बर्तनों में बढ़े दाम, बजट देखकर खरीदारी

दीपावली पर नए बर्तन खरीदने की परंपरा के चलते बाजार में तांबे, पीतल और स्टील के बर्तनों की आकर्षक रेंज सजाई गई है। दुकानों पर पारंपरिक बर्तनों के साथ आधुनिक डिजाइन के स्टील के बर्तन भी उपलब्ध हैं। हालांकि, कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ग्राहक जरूरत के मुताबिक ही खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, ग्राहक पहले दाम पूछ रहे हैं और फिर अपने बजट के अनुसार सामान पसंद कर रहे हैं। त्योहार के लिए दुकानें सजाने और माल जुटाने के बावजूद बिक्री में अपेक्षित तेजी नहीं दिख रही।



पूजन सामग्री में भी महंगाई की मार

दीपावली की पूजा के लिए बाजार में रुई, दीपक, बाती और तेल की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ रही है। इसके साथ ही चंदन, हवन सामग्री और लक्ष्मी पूजन के सामान की कीमतों में भी वृद्धि बताई जा रही है। पूजा की थाली सजाने से लेकर घर में दीप जलाने तक जरूरी सामग्री महंगी होने से लोगों को अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। बाजार में पूजन सामग्री की दुकानें सजी हैं, लेकिन ग्राहक हर वस्तु की कीमत का हिसाब लगा रहे हैं। त्योहार पर पूजा के लिए जरूरी सामान खरीदना लोगों की प्राथमिकता है, फिर भी बढ़े दामों के कारण खरीदारी सीमित हो रही है।

चावल और शक्कर की महंगाई से लाई, बताशा, पेठा महंगे

दीपावली पर पूजन और प्रसाद के लिए लाई, बताशा और पेठा की मांग बढ़ जाती है। इस बार इन पारंपरिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भी करीब 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि बताई जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि चावल और शक्कर के दाम बढ़ने का सीधा असर लाई, बताशा और पेठा की कीमतों पर पड़ा है। कच्चे माल की लागत बढ़ने से इन वस्तुओं के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। त्योहार के समय इनकी मांग रहती है, लेकिन महंगाई के कारण ग्राहक मात्रा कम करके खरीदारी कर रहे हैं।दुकानदारों के मुताबिक, त्योहार के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है, लेकिन अभी ग्राहकी अनुकूल नहीं है। ग्राहक कीमत पूछने के बाद अपने बजट के अनुसार सामान खरीद रहे हैं। दीपावली की रौनक बाजार में दिखाई देने लगी है, लेकिन बर्तनों, पूजन सामग्री और प्रसाद की बढ़ती कीमतों ने खरीदारी का उत्साह सीमित कर दिया है। व्यापारियों को उम्मीद है कि त्योहार नजदीक आने के साथ ग्राहकी बढ़ेगी और बाजार में रौनक के साथ कारोबार भी गति पकड़ेगा।

दाम बढ़े, ग्राहक बजट देखकर खरीद रहे



त्योहार को देखते हुए तांबे, पीतल और स्टील के बर्तनों की अच्छी रेंज रखी गई है। लेकिन इस बार कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ग्राहक पहले के मुकाबले कम सामान खरीद रहे हैं। लोग दुकान पर आते हैं, दाम पूछते हैं और अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं।

कन्हैया ताम्रकार बर्तन विक्रेता



त्योहार के समय बर्तनों की मांग बढ़ने की उम्मीद रहती है, लेकिन इस बार ग्राहकी में उतना उत्साह नहीं दिख रहा। तांबे और पीतल के बर्तनों के दाम ज्यादा होने से ग्राहक सीमित खरीदारी कर रहे हैं। स्टील के बर्तनों में भी लोग कीमत और जरूरत को ध्यान में रखकर सामान ले रहे हैं।

पीयूष ताम्रकार बर्तन व्यवसायी

क्या कहते हैं खरीददार

बाजार में खरीदारी करने निकली कंचन यादव ने बताया कि दीपावली पर नए बर्तन खरीदना परंपरा है, लेकिन बढ़े दामों के कारण बजट प्रभावित हो रहा है। पहले जितने पैसों में अधिक सामान आ जाता था, अब उतने में कम खरीदारी हो पा रही है। वहीं प्रमोद तिवारी के अनुसार, त्योहार पर जरूरत का सामान खरीदना जरूरी है, लेकिन कीमतें बढ़ने से अब खरीदारी सोच-समझकर करनी पड़ रही है।

साहित्यिक मंचों पर कटनी का गौरव बढ़ा

दो पुरस्कारों से सम्मानित

कटनी, यशभारत। कथाकार एवं कवि देवेन्द्र कुमार पाठक को अक्टूबर में दो साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ग्वालियर से प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका की कहानी प्रतियोगिता में उनकी कहानी 'गंवई सियासत' को द्वितीय पुरस्कार मिला। वहीं 31 अक्टूबर को जबलपुर की साहित्यिक संस्था 'कादम्बरी' ने गीत विधा के लिए उन्हें 'रामरतन जैन पुरस्कार' प्रदान किया।



इसी कार्यक्रम में रश्मि मोयदे 'रागिनी' को दिवंगत विन्ध्या पाठक की स्मृति में सम्मानित किया गया। दो दर्जन पुस्तकों के रचयिता पाठक की नई कविता पुस्तक 'किस मिट्टी के बने हुए हो' शीघ्र ही प्रकाशित होगी।

सैनिकों और वीर नारियों ने दिखाई एकजुटता

कटनी, यशभारत। भूतपूर्व सैनिक सेवा संगठन, कटनी की मतदान प्रक्रिया में भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मतदान में सदस्यों की अच्छी उपस्थिति और एकजुटता देखने को मिली। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष परमानंद चतुर्वेदी एवं सचिव जायसवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी की भागीदारी उसकी मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एकता, आपसी सहयोग और समर्पण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



पन्ना में नए पुलिस अधीक्षक ने संभाली कमान

पन्ना, यशभारत। पन्ना जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ ने 3 नवंबर को अपराह्न पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2017 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सराफ के पदभार ग्रहण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीओपी आनंद तिवारी, रक्षित निरीक्षक आदित्य मिश्रा एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत नायक सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नए पुलिस अधीक्षक के कार्यभार संभालने के साथ जिले की कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को लेकर अब उनकी प्राथमिकताओं पर नजर रहेगी।



रामायण पाठ, भजन और गरबा के महोत्सव का समापन

प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार देकर किया सम्मानित, शरद पूर्णिमा पर सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम





कटनी, यशभारत। अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शरद पूर्णिमा पर रामायण पाठ, भजन, आरती और गरबा नृत्य के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ममता अग्रवाल रहीं। पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष रीता अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन किया।इस अवसर पर अग्रवाल महिला रामायण मंडल ने रामायण पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। शिवाजी अखाड़ा के उस्ताद-खलीफा तथा अस्त्र-शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। स्व. प्रकाशचंद अग्रवाल की स्मृति में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गरबा नृत्य में छात्राओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न वर्गों में गरबा क्वीन, बेस्ट स्टेप, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट एनर्जी और बेस्ट स्माइल के पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का निर्देशन सपना श्रीवास्तव ने किया। निर्णायक आरती जालीवाल रहीं। संचालन निमिषा अग्रवाल एवं नीति अग्रवाल ने किया तथा आभार रश्मि अग्रवाल एवं पायल अग्रवाल ने व्यक्त किया। खीर प्रसाद एवं प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल

पूर्व में सेवाएं देने के बावजूद दो बार नियुक्ति से वंचित रखने का आरोप, कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग

पन्ना, यशभारत। जिले में अतिथि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। अतिथि शिक्षक रोहित यादव ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर शिक्षा विभाग पर नियमों की अनदेखी और मनमाने तरीके से नियुक्तियां करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।आवेदन के मुताबिक, रोहित यादव ने सत्र 2015-16 एवं 2016-17 में शासकीय प्राथमिक शाला सैटेलाइट ठाकुरन खोड़ा में अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं दी थीं। नियमित शिक्षक की पदस्थापना के बाद उनकी सेवाएं समाप्त हो गईं। उनका आरोप है कि वर्ष 2021-22 में नियमित शिक्षक के स्थानांतरण से पद रिक्त होने पर उन्हें प्राथमिकता देने के बजाय बिना सूचना दूसरे अतिथि शिक्षक की नियुक्ति कर दी गई।



रोहित यादव का कहना है कि जुलाई 2026 में एक अन्य शिक्षक के सेवानिवृत्त होने से पद रिक्त हुआ, लेकिन इस बार भी उन्हें सूचना नहीं दी गई और दूसरे अतिथि शिक्षक को नियुक्त कर दिया गया। संकुल प्राचार्य से कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हुआ। आर्थिक परेशानियों का हवाला देते हुए उन्होंने कलेक्टर से नियुक्ति प्रक्रिया की जांच कराने और शिकायत पर निर्णय होने तक संबंधित पद पर नई नियुक्ति नहीं करने की मांग की है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।

दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मान लेकर शाहनगर लौटे सरपंच

ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ हुआ भव्य स्वागत, 140 करोड़ की आबादी में चुने गए 30 विशिष्ट लोगों में शामिल

शाहनगर, यशभारत। दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर शाहनगर का नाम रोशन कर भारत प्रतिभा सम्मान 2026 हासिल करने के बाद ग्राम पंचायत शाहनगर के सरपंच मनोज कुमार जैन (शीरु) मंगलवार को अपने गृह नगर शाहनगर पहुंचे। जहां उनके स्वागत में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सरपंच मनोज कुमार जैन और सचिव एडवोकेट कुलभूषण चतुर्वेदी के शाहनगर पहुंचने पर बैरियर के पास उनके अनुज छोटू जैन, ग्रामवासियों और समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच स्वागत जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से होता हुआ उनके निज निवास पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने उनका अभिनंदन कर राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर बधाइयां दीं।निज निवास पहुंचने पर एक भावुक और पारिवारिक दृश्य भी देखने को मिला। सरपंच मनोज कुमार जैन ने अपने परिवार के साथ अपनी माता जी को माला पहनाकर उनका आशीर्वाद लिया और चरण स्पर्श किए। इस दौरान परिवारजनों और उपस्थित लोगों





में खुशी का माहौल रहा।इसके बाद निवास पर ग्रामवासियों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सरपंच मनोज कुमार जैन ने इस उपलब्धि के लिए समस्त ग्रामवासियों, स्थानीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं जनपद पंचायत के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे शाहनगर के सहयोग, विश्वास और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।इस अवसर पर सरपंच मनोज कुमार जैन ने दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के अनुभव साझा करते हुए बताया कि भारत की लगभग 140 करोड़ आबादी में से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महज 30 लोगों को इस सम्मान के लिए चुना गया था। इनमें वैज्ञानिक, समाजसेवी और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाएं शामिल थीं।सबसे खास और गौरव की बात यह रही कि सम्मानित होने वालों में देशभर के सरपंचों के बीच ग्राम पंचायत शाहनगर के सरपंच मनोज कुमार जैन ही एकमात्र सरपंच थे।ग्रामीण विकास, डिजिटल पंचायत व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन और जनहितकारी नवाचारों के दम पर दिल्ली तक पहुंची शाहनगर की यह उपलब्धि अब पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गई है।

अनिल शर्मा और त्रिलोक नायडू बने एमपीसीए के मैच रेफरी





जबलपुर,यशभारत। जबलपुर जिले के क्रिकेट इतिहास में पहली बार दो खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) की मैच रेफरी नियुक्ति के लिए आयोजित कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले को गौरवान्वित किया है। जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सक्रिय सदस्य अनिल शर्मा और त्रिलोक नायडू ने आईसीसी और बीसीसीआई के निर्धारित पैटर्न पर आयोजित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अनिल शर्मा ने परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि त्रिलोक नायडू ने 65 से 70 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित कर सफलता हासिल की। अनिल शर्मा का क्रिकेट से जुड़ा लंबा अनुभव रहा है। वे एमपीसीए की ओर से बोर्ड ट्रॉफी में खिलाड़ी के रूप में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा वे लेवल-वन कोच, स्टेट पैनल अंपायर भी हैं। उन्होंने जबलपुर संभागीय क्रिकेट की जूनियर एवं सीनियर टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वे चयन समिति के सदस्य रहने के साथ ही जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। क्रिकेट के विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुभव का लाभ अब मैच रेफरी के रूप में भी मिलेगा। वहीं त्रिलोक नायडू भी क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं। उत्कृष्ट विकेटकीपर रहे त्रिलोक ने जबलपुर जिला क्रिकेट संघ (जेडीसीए) की विभिन्न आयु वर्ग की टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में वे कोचिंग कमेटी के सदस्य होने के साथ सक्रिय अंपायर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मैच रेफरी की परीक्षा उत्तीर्ण करना उनके क्रिकेट करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निशिथ भाई पटेल, अध्यक्ष निलेश अवस्थी, उपाध्यक्ष नितिन भाटिया, मनोज राय, धर्मेश भाई पटेल सहित संघ के सभी पदाधिकारियों, ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

रणजी ट्रॉफी में बड़ा बवाल, मैच से दो दिन पहले पूरी टीम बदल, मैदान पहुंचकर पुराने खिलाड़ी लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी में मेघालय क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अंदर चल रही आपसी खींचतान का असर अब मैदान तक पहुंच गया है। नागालैंड के खिलाफ प्लेट डिवीजन के मुकाबले से ठीक पहले मेघालय की पूरी टीम बदल दिए जाने से क्रिकेट जगत में हड़कंप मच गया। मैच शुरू होने से महज दो दिन पहले नई टीम का ऐलान किया गया। हैरानी की बात यह रही कि पिछले तीन मुकाबलों में मेघालय का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी मैदान पर पहुंचे, लेकिन नई टीम को देखकर अपना किट बैग लिया, खिलाड़ियों से मुलाकात की और शुभकामनाएं देकर वापस लौट गए। इस अप्रत्याशित घटनाम ने घरेलू क्रिकेट में टीम चयन और क्रिकेट संघों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस विवाद की जड़ मेघालय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेम्स संगमा और सचिव रेनॉल्ड खार्कमनी के बीच लंबे समय से चल रही खींचतान बताई जा रही है। खार्कमनी को राज्य की अंडर-23 महिला टीम की खिलाड़ियों से जुड़ी यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने के आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने अपने निलंबन को मेघालय हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

यूथ ओलंपिक में भारत को तीसरा मेडल

राजकुमारी लंचेनबी चानू का वुशु में ऐतिहासिक कारनामा

डकार (सेनेगल)। भारतीय वुशु खिलाड़ी राजकुमारी लंचेनबी चानू ने मंगलवार को यहां यूथ ओलंपिक 2026 की महिला चांगक्वान संयुक्त स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। वह वुशु में इस प्रतियोगिता का पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। मणिपुर की रहने वाली चानू ने कुल 18.039 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस इवेंट में मिस्र की सोंडोस सोनबोल ने 18.660 अंक के साथ गोल्ड जबकि वेनेजुएला की वालेरिया फ्रैनरीस डुडामेल ने 18.199 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीता।



भारतीय खिलाड़ी ने चांगक्वान स्पर्धा में 9.316 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि गुनशु स्पर्धा में 8.723 अंक के साथ वह तीसरे स्थान पर रहीं। डकार युवा ओलंपिक में भारत अब तक एक रजत और दो ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। इससे पहले सोमवार को युवा खिलाड़ी खुशबू राजकभाई ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना अभियान समाप्त किया था। वह युवा ओलंपिक में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय जुडोका बनी थीं। वहीं तैराकी की उभरती खिलाड़ी धिनिधि देसिंघु ने भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया

अखाड़े में दिखा दमखम - हैदर अली बने जबलपुर किशोर तो अंशुमन ने जीता जबलपुर कुमार का खिताब





जबलपुर,यशभारत। जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय भारतीय शैली कुश्ती प्रतियोगिता का समापन शिवाजी नगर मांडवा, रामपुर में हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने दमदार दांव-पेंच से दर्शकों को रोमांचित किया। प्रतियोगिता में हैदर अली पहलवान ने जबलपुर किशोर, अंशुमन धनगर (लक्की) ने जबलपुर कुमार का खिताब अपने नाम किया, जबकि आदित्य पहलवान को वीर अभिमन्यु की उपाधि से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, मध्यप्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ के अध्यक्ष किशोरी लोधी, समाजसेवी राजाराम पटेल, धनगर समाज के प्रदेशाध्यक्ष अनिल धनगर, एडवोकेट हीरा पह. एवं समाजसेवी हाजी रहमान सहित खेमचंद धनगर उपस्थित रहे। अतिथियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय पारंपरिक कुश्ती को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को इस खेल से जोड़ने पर जोर दिया।

इन पहलवानों ने मारी बाजी

प्रतियोगिता के विभिन्न भारवर्गों के फाइनल मुकाबलों में 36 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान अभय पहलवान (आदित्य अखाड़ा), द्वितीय आयुष पहलवान (युवा भवन) और तृतीय गौरव पहलवान (मथुरा उस्ताद) ने प्राप्त किया। 40 किलोग्राम भारवर्ग में आदित्य पहलवान (पंचायती अखाड़ा) प्रथम, सूर्य पहलवान (साईं सेंटर) द्वितीय और मयंक पहलवान (आदित्य अखाड़ा) तृतीय रहे। 44 किलोग्राम भारवर्ग में साहिल पहलवान (युवा भवन) ने पहला, सत्यम पहलवान (आदित्य अखाड़ा) ने दूसरा और शिवा पहलवान (दीनानाथ अखाड़ा) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह 48 किलोग्राम भारवर्ग में राम पहलवान (गरीबदास उस्ताद अखाड़ा) प्रथम, साहिल पहलवान (पंचायती अखाड़ा) द्वितीय और चिरंजीत पहलवान (साईं सेंटर) तृतीय रहे। 51 किलोग्राम भारवर्ग में कमलजीत पहलवान (साईं सेंटर) ने प्रथम, हिमांशु पहलवान (आदित्य अखाड़ा) ने द्वितीय और निहाल पहलवान (साईं सेंटर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों को वीर अभिमन्यु की उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं हैदर अली पहलवान (बहादुर उस्ताद) को जबलपुर किशोर का खिताब मिला। इस वर्ग में दीपक पहलवान (यूटीवी) द्वितीय और लखन पहलवान (गरीबदास उस्ताद) तृतीय रहे। जबलपुर कुमार की उपाधि अंशुमन पहलवान (लक्की), पंचायती अखाड़ा ने हासिल की। चेतन पहलवान (गंगाप्रसाद उस्ताद) द्वितीय और विशाल पहलवान (बुद्धेगोंड उस्ताद) तृतीय स्थान पर रहे। मुकाबलों में निर्णायक की भूमिका देवेंद्र उपाध्याय, विनय प्रजापति, राकेश यादव, चंदन चक्रवर्ती और प्रवीण धनगर ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन अरुण चंद्रवंशी ने किया। अतिथियों ने विजेता पहलवानों को नगद राशि, गदा और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में मंतो पहलवान, आशीष बेन, दीपक रजक खलीफा, राजेश राजपूत, पवन चक्रवर्ती, सुरेश विश्वकर्मा, दुलीचंद यादव खलीफा, चंद्रपाल यादव, बंटू यादव, जुगल यादव, दिनेश यादव खलीफा और बलराज पासी सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

वीएनडी फाउंडेशन इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता

केवीएस वन एसटीसी और लियोनार्ड स्कूल ने दर्ज की शानदार जीत



जबलपुर,यशभारत। जिला फुटबॉल संघ द्वारा शिवाजी मैदान में आयोजित वीएनडी फाउंडेशन इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में केवीएस वन एसटीसी ने लिटिल वर्ल्ड स्कूल को 3-0 से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में लियोनार्ड स्कूल ने सेंट अलॉयसियस स्कूल, पॉलिपाथर को कड़े संघर्ष में 1-0 से हराकर तीन अंक अर्जित किए।

पहला मुकाबला लिटिल वर्ल्ड स्कूल और केवीएस वन एसटीसी के बीच खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि नईदुनिया के संपादक उज्ज्वल शुक्ला एवं जिला फुटबॉल संघ की सचिव श्रीमती मृदुला देव का परिचय खिलाड़ियों से कराया गया। खेल शुरू होते ही केवीएस की टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए गोल करने के प्रयास शुरू कर दिए, लेकिन खिलाड़ियों के बीच तालमेल की कमी के कारण शुरुआती प्रयास सफल नहीं हो सके। आखिरकार मैच के 19वें मिनट में केवीएस के अनुराग ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। लिटिल वर्ल्ड स्कूल ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। मध्यांतर तक केवीएस की टीम 1-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भी केवीएस ने अपना दबदबा बनाए रखा। मैच के 40वें मिनट में अक्षत ने दूसरा गोल दागा, जबकि 55वें मिनट में एक और गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। निर्धारित समय समाप्त होने पर केवीएस वन एसटीसी ने 3-0 से शानदार जीत दर्ज की।

दिन का दूसरा मुकाबला लियोनार्ड स्कूल और सेंट अलॉयसियस स्कूल, पॉलिपाथर के बीच खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि डॉ. सलोनी राज देव जैन एवं डॉ. अर्जित जैन रहे। दोनों टीमों ने शुरुआत से ही एक-दूसरे पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई। खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन दोनों टीमों के मजबूत रक्षात्मक खेल के चलते पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मध्यांतर तक मुकाबला गोलरहित बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ में लियोनार्ड स्कूल ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए आक्रामक खेल दिखाया। इसका फायदा टीम को 57वें मिनट में मिला, जब रौनक ने व्यक्तिगत प्रयास से शानदार गोल कर लियोनार्ड स्कूल को 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। इसके बाद सेंट अलॉयसियस स्कूल ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन लियोनार्ड के खिलाड़ियों ने विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया। अंततः संघर्षपूर्ण मुकाबले में लियोनार्ड स्कूल ने 1-0 से जीत हासिल कर पूरे तीन अंक अपने नाम किए।

रंग संसार



बेटे को पता चला कि मैं रावण की भूमिका में हूं तो वह हैरान रह गया: यश

मुंबई (यशभारत)। आगामी भव्य फिल्म रामायण में रावण की भूमिका निभा रहे अभिनेता यश ने फिल्म की तैयारियों और अपने परिवार से जुड़े एक बेहद दिलचस्प और भावुक किस्से को साझा किया। अभिनेता यश ने बताया कि जब उनके छोटे बेटे को इस बात की जानकारी मिली कि उनके पिता इस पौराणिक कहानी में भगवान राम की भूमिका निभाने के बजाय रावण का किरदार निभाने जा रहे हैं, तो वह काफी हैरान रह गया। एक छोटे बच्चे के लिए यह स्वीकार कर पाना काफी मुश्किल था कि उसके पिता किसी कहानी में मुख्य खलनायक या नकारात्मक भूमिका में हो सकते हैं। यश के अनुसार, उनके बेटे को यह तो अच्छी तरह पता है कि उसके पिता एक मशहूर अभिनेता हैं, लेकिन जब उसे रामायण की पूरी कथा और उसके पात्रों के बारे में बताया गया, तो उसने मासूमियत से अपने पिता से पूछा कि वे इतने बुरे इंसान का किरदार कैसे निभा सकते हैं? उसने अपने पिता से यहां तक कह दिया कि वे



तो अच्छे इंसान हैं, फिर वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? बच्चे के इन मासूम सवालों का जवाब देने के लिए अभिनेता को उसे अपने पास बिठाकर काफी विस्तार से पूरी बात समझानी पड़ी। उन्होंने अपने बेटे को समझाया कि किसी भी महान कथा को सही और पूर्ण रूप से समझने के लिए उसके हर पहलू और हर किरदार को पर्दे पर दिखाना बहुत जरूरी होता है। उन्होंने अपने बेटे को सीख देते हुए कहा कि इस महान कहानी में भगवान राम ही वह मुख्य और सर्वश्रेष्ठ आदर्श हैं, जिनके बताए रास्ते पर हर इंसान को चलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रावण भले ही कितना भी शक्तिशाली और प्रभावशाली क्यों न दिखाई दे।

कॅरियर के शुरुआत में इलियाना को लगता था कैमरे से डर

मुंबई (यशभारत)। बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने दक्षिण भारतीय सिनेमा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद में हिंदी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाई। फिल्म बर्फी में उनके सशक्त अभिनय ने उन्हें देश भर में घर-घर में लोकप्रिय बना दिया। आज पर्दे पर अपनी खूबसूरती और अभिनय का जादू बिखेरने वाली इलियाना शुरुआत में कैमरे के सामने आने और मॉडलिंग करने से काफी घबराती थीं। इलियाना डिक्रूज के पिता रोनाल्डो डिक्रूज और मां समीरा डिक्रूज हैं। उनका परिवार मूल रूप से गोवा राज्य से संबंध रखता है। जब इलियाना लगभग 10 वर्ष की थीं, तब उनका पूरा परिवार गोवा में जाकर बस गया और वहीं उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी हुई। बचपन के दिनों में उन्होंने कभी भी अभिनेत्री बनने का सपना नहीं देखा था। उनकी मॉडलिंग की दुनिया में प्रवेश की कहानी भी काफी दिलचस्प है। उनकी मां जिस स्थान पर कार्य करती थीं, वहां के एक प्रबंधक ने इलियाना को देखकर उनकी मां को उन्हें मॉडलिंग क्षेत्र में भेजने का सुझाव दिया। शुरुआत में इलियाना को कैमरे का सामना करने में काफी हिचकिचाहट होती थी। वर्ष 2003 में जब उनका पहला व्यावसायिक पोर्टफोलियो तैयार हुआ, तो उन्हें वह बिल्कुल पसंद नहीं आया था। हालांकि, धीरे-धीरे उन्होंने



फैशन शो और विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। मॉडलिंग के दौरान ही उन्हें 17 वर्ष की उम्र में वर्ष 2006 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म देवदासु में अभिनय करने का मौका मिला। इस पहली ही रोमांटिक फिल्म में उनके भानुमति के किरदार को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। इस फिल्म के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें दक्षिण भारतीय सिनेमा का प्रतिष्ठित फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू पुरस्कार प्रदान किया गया। पहली ही फिल्म में मिले इस बड़े सम्मान ने उनके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा दिया। इसके बाद उन्होंने पोकीरी, जलसा, किक और जुलाई जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया और दक्षिण भारत की शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। वर्ष 2012 में उन्होंने फिल्म बर्फी के माध्यम से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इस फिल्म में 1970 के दशक की बंगाली लड़की का किरदार निभाना उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें बॉलीवुड में भी बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने रुस्तम, रेड, मैं तेरा हीरो और बादशाहो

ऑस्कर की रेस में शामिल हुई प्रियंका की वी वर हियर



मुंबई (यशभारत)। ग्लोबल अभिनेत्री और फिल्म निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है।अभिनेत्री द्वारा निर्मित भारतीय शॉर्ट फिल्म वी वर हियर विश्व के सबसे प्रतिष्ठित एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर पुरस्कारों की दौड़ में शामिल होने के लिए आधिकारिक रूप से योग्य घोषित हो गई है। अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रियंका ने कहा कि यह फिल्म वर्तमान समय के एक अत्यंत प्रासंगिक और गंभीर विषय को बहुत ही अनोखे, मनोरंजक और नए दृष्टिकोण के साथ दर्शकों के सामने प्रस्तुत करती है। प्रियंका चोपड़ा जोनस इस बहुचर्चित शॉर्ट फिल्म से कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़ी हुई हैं। यह फिल्म वास्तव में एक मॉक्यूमेंट्री शैली में बनाई गई काल्पनिक वृत्तचित्र कहानी है। इसकी पटकथा भारत के एक छोटे से शहर में रहने वाले तीन ऐसे बुजुर्ग व्यक्तियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो समाज में तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के प्रभाव और हस्तक्षेप का विरोध करने का एक अनोखा रास्ता चुनते हैं। एआई की तकनीक को रोकने और उसका विरोध दर्ज कराने के लिए वे तीनों बुजुर्ग खुद विभिन्न घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का रूप धारण कर लेते हैं। यह बेतुका लेकिन विचारणीय विचार फिल्म को काफी मनोरंजक बनाता है। ऑस्कर की रेस में जगह बनाने से पहले इस शॉर्ट फिल्म ने दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में अपनी सफलता का परचम लहराया है। प्रसिद्ध पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल शॉर्टफेस्ट में इस फिल्म ने बेस्ट लाइव-एक्शन शॉर्ट फिल्म और बेस्ट कॉमेडी शॉर्ट जैसे दो बड़े और मुख्य पुरस्कार अपने नाम किए थे। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को जीतने के बाद ही इस फिल्म के लिए ऑस्कर की प्रतिस्पर्धा में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। जानकारों का मानना है कि आधुनिक तकनीक और मानव जीवन के संघर्ष को इस तरह के व्यंग्यात्मक रूप में पेश करना ही इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी है।

सिद्धार्थ और कियारा के साथ वरुण ने शेयर की तस्वीर, लिखा आत्मीय संदेश

मुंबई (यशभारत)। सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपने सह-कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनकी पत्नी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ अपनी हालिया मुलाकात की बेहद खूबसूरत तस्वीर साझा की है। साझा की गई इस तस्वीर में तीनों कलाकार काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जहां पीछे कियारा एक मजाकिया अंदाज में पोज दे रही हैं और सिद्धार्थ अपनी पत्नी का ध्यान रखते दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद लंबे समय से दोनों अभिनेताओं के बीच किसी भी प्रकार की व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता या आपसी मनमुटाव की चल रही तमाम अफवाहों और अटकलों पर पूरी तरह से विराम लग गया है। वरुण धवन ने इस तस्वीर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए एक बेहद आत्मीय संदेश भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आपस में विचार-विमर्श या किसी बात पर बहस होना एक अलग विषय है, लेकिन उनके और उनके भाई समान मित्र सिद्धार्थ के बीच कभी भी कोई



प्रतिद्वंद्विता नहीं रही है। इसके साथ ही उन्होंने शानदार आतिथ्य और मेहमाननवाजी के लिए अपनी भाभी यानी कियारा आडवाणी का विशेष रूप से धन्यवाद भी व्यक्त किया। इस पोस्ट ने दोनों कलाकारों के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है और सोशल मीडिया पर यह तस्वीर तेजी से प्रसारित हो रही है। गौरतलब है कि वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने वर्ष 2012 में प्रदर्शित करण जौहर की बहुचर्चित फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से एक साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी अपना पहला कदम रखा था। अपनी पहली ही फिल्म से इन तीनों ही कलाकारों ने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई और समय के साथ बॉलीवुड में खुद को स्थापित और सफल अभिनेताओं के रूप में साबित किया। यद्यपि उस पहली फिल्म के बाद वरुण और सिद्धार्थ ने किसी भी अन्य प्रोजेक्ट में एक साथ काम नहीं किया, लेकिन दोनों के बीच हमेशा एक सम्मानजनक और गहरा दोस्ताना रिश्ता कायम रहा है। वरुण धवन के कियारा आडवाणी के साथ भी बेहद अच्छे पेशेवर और व्यक्तिगत संबंध हैं। दोनों ने वर्ष 2022 में आई पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म जुग जुग जियो में मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं।

कटनी की धरती में बेस मेटल, खनिज ब्लाक के लिए ई-नीलामी

सलैया फाटक के 150 हेक्टेयर क्षेत्र में तांबा, चांदी और सोने जैसे खनिजों की संभावनाएं



कटनी, यशभारत। खनिज संपदा से परिपूर्ण कटनी जिले में बेस मेटल सहित अन्य खनिजों के होने की संभावनाओं को लेकर प्रयासशरू किए गए हैं। खनिज विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सलैया फाटक क्षेत्र के बेस मेटल ब्लॉक को मध्यप्रदेश शासन ने खनिज ब्लॉकों की 21वें चरण की ई-नीलामी में शामिल किया है। 150 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैले इस ब्लॉक में तांबा, चांदी और सोने जैसे खनिजों की संभावनाएं हैं, जो निवेशकों को आकर्षित कर सकती हैं। नीलामी के जरिए इस क्षेत्र में खनिज अन्वेषण और आगे चलकर खनन गतिविधियों के विकास का रास्ता तैयार करने की कोशिश की जा रही है। यदि निवेशक इस ब्लॉक में रुचि दिखाते हैं और आगे की प्रक्रिया अनुकूल रहती है, तो कटनी में खनिज आधारित औद्योगिक गतिविधियों को विस्तार मिलने की उम्मीद से इंकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के खनिज संसाधन विभाग ने 21वें चरण में 12 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी शुरू की है। सलैया फाटक ब्लॉक को कंपोजिट लाइसेंस के लिए रखा गया है। मतलब सफल बोलीदाता को निर्धारित शर्तों के अधीन खनिजों की खोज और संसाधनों का आकलन करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। जिले में पहले से ही खनिज और औद्योगिक गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण जिला है। ऐसे में सलैया फाटक ब्लॉक की नीलामी जिले के लिए एक नया अवसर बन सकती है। खनिज संसाधनों की पुष्टि होने और परियोजना आगे बढ़ने पर अन्वेषण, सर्वेक्षण, परिवहन, मशीनरी, निर्माण और अन्य सहायक सेवाओं से जुड़ी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इससे स्थानीय कारोबारियों और सेवा प्रदाताओं को काम मिलने की संभावना बनेगी।

इन जिलों में फैली खनिज नीलामी

21वें चरण की नीलामी में कटनी के अलावा दमोह, नीमच, बालाघाट, पांढुर्णा, बैतूल, सतना और रीवा जिलों के ब्लॉक भी शामिल हैं। इनमें चूना पत्थर, तांबा, मैंगनीज, डोलोमाइट, जस्ता और अन्य बेस मेटल से संबंधित ब्लॉक रखे गए हैं। कुछ ब्लॉक खनन पट्टे और कुछ कंपोजिट लाइसेंस के लिए प्रस्तावित हैं।

टाइटेनियम-वेनेडियम मिलने की भी संभावना

कटनी और जबलपुर जिले की सीमा पर टाइटेनियम, वेनेडियम, रेयर अर्थ और स्लोमैन्स लेटराइट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की मिलने की संभावना कुछ महीने पहले जताई गई थी। इसके लिए ए माइनिंग ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस ब्लॉक का करीब 150 हेक्टेयर हिस्सा कटनी जिले के अमोच, छपरा और दिवरी गांवों में है, जबकि शेष क्षेत्र जबलपुर जिले में आता है। कुल ब्लॉक का क्षेत्रफल लगभग 405 हेक्टेयर है।

पांच माह से फरार लूट का आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

पिस्टल का जिंदा कारतूस बराम, झिंझरी पुलिस ने की कार्रवाई



कटनी, यशभारत। झिंझरी चौकी पुलिस ने लूट के मामले में 5 माह से फरार आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी निवासी मजीठा जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल का एक जिंदा राउंड भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 21 मई की सुबह फरियादी अपने पिता के साथ बाइक से गैतरा से धरमपुरा जा रहा था। इसी दौरान पिपरौंध से जयंतीनगर मार्ग पर बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। आरोपियों में से एक के हाथ में कट्टे जैसा हथियार था। विरोध करने पर बदमाशों ने फरियादी के पिता को बाइक से नीचे गिरा दिया और उसके के सिर पर कट्टा अड़ाकर बाइक लूटकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। प्रकरण के मुख्य आरोपी मनराज उर्फ मनमोहित सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना के बाद से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

तीन करोड़ रूपए की धोखाधड़ी मामले में क्राइम ब्रांच की एंट्री

अपने खाते में रूपए ट्रांसफर करने का मामला

श्रीजी कंपनी की शिकायत पर राजीव गांधी वार्ड निवासी विकास पाठक गिरफ्तार



कटनी, यशभारत। श्रीजी कंपनी में 3 करोड़ रूपए की वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच भोपाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजीव गांधी वार्ड गौतम बंधवा निवासी विकास पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में उनकी पत्नी को राहत देते हुए नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को कटनी पहुंची भोपाल क्राइम ब्रांच की विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी विकास पाठक को हिरासत में लेकर प्राथमिक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर भोपाल ले गई, जहाँ उससे पूछताछ की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार श्रीजी कंपनी के प्रबंधक नागेंद्र सिंह द्वारा भोपाल में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विकास पाठक और उनकी पत्नी ने मिलकर लगभग 3 करोड़ की वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। 2 करोड़ विकास पाठक के निजी बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए जबकि 1 करोड़ रूपए विकास पाठक की पत्नी के खाते में भेजे गए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच भोपाल ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और धारा 409 के तहत मामला दर्ज किया था। पूछताछ के दौरान विकास पाठक की पत्नी के गर्भवती होने की बात सामने आने पर पुलिस ने मानवीय और कानूनी आधार पर फिलहाल उनकी गिरफ्तारी नहीं की है। क्राइम ब्रांच ने उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी कर जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। मामले में भोपाल क्राइम ब्रांच आगे की वित्तीय कड़ियों को जोड़ने और गबन की गई राशि की रिकवरी के लिए जांच आगे बढ़ा रही है।

क्या है पूरा मामला

श्रीजी इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हिमांशु कलरैया ने विश्वविद्यालय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अप्रैल 2018 से अगस्त 2025 के बीच आरोपी अतुल पाठक ने कंपनी के डायरेक्टर संजय सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर अतिरिक्त चेकबुक जारी करवाई। इसके बाद आरोपी ने अपने और अपने रिश्तेदारों के खातों में फर्जी ट्रांजैक्शन कर करीब 6 करोड़ 9 लाख रुपए का गबन किया। धोखाधड़ी के इस मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की। इस बड़े फर्जीवाड़े में कंपनी से जुड़े 5 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अतुल पाठक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के बाद इसी जांच के दायरे में राजीव गांधी वार्ड कटनी निवासी विकास पाठक का नाम सामने आने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

निडिल वाइब्रेटर चोरी का आरोपी गिरफ्तार



पवई, यशभारत। नेशनल हाईवे 43 में रोड निर्माण कार्य के दौरान नीडिल वाइब्रेटर चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन अहिरवार निवासी विदिशा हाल निवासी पवई को गिरफ्तार कर नीडिल वाइब्रेटर बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कार्रवाई में पवई थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार, दुलीचंद जैन, कमलेश कुमार, सुशील कोल, आरक्षक राहुल अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

Premium Quality | Stylish Spaces | Lasting Beauty
SHAKUNTALA GRANITE AND TILES
Your Dream Space, Our Quality
Deals in : Granite, Tiles, Kadappa, Kota, Decorative Item.
GRANITE TILES KADAPPA KOTA DECORATIVE ITEM
Dealer : hindware SANITARYWARE LIVE BEAUTIFULLY
Distributor : JKTYLO ADHESIVES NUVOCO Tile Adhesive
Mob. : 9009767272 | Shakuntala Granite and Tiles, In front of Shri Hospital, Katni (M.P.)
Quality Products | Trusted Brands | Modern Designs | Customer Satisfaction

YAMAHA RACING
The call of the BLUE
Festive-wali Ride!
HAPPY FESTIVITIES
GET INSURANCE BENEFITS ₹5,999/-
छूट LOW DOWN PAYMENT ₹3,900/-
FAS HYBRID
GET INSURANCE BENEFITS ₹3,399/- छूट
छूट LOW DOWN PAYMENT ₹2,499/-
fascino 125 HYBRID
बालाजी एजेंसी
चांडक चौक कटनी
मो. 9425180651

यशभारत हेल्पलाइन
खबर और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9425362893
9425160957
9826248140
कार्यालय :
द्वारका सिटी रोड, बीएसएनएल के सामने, बरगवां, कटनी

Seatex
Better Home Better Life
Seatex CLOSET
Smart Storage for a Better Tomorrow
Fiber Cabinet
Strong & Durable Fiber Construction
Beat Quality
Water Proof
Light Weight
Easy to Assemble
Multiple Purpose One Perfect Closet
Use in Multiple Places
Bedroom Kitchen Bathroom Balcony / Utility Office / Shop
STRONG | STYLISH | SPACIOUS | LONG LASTING
100% Virgin Material
Seatex Closet Your Storage Partner
अधिकृत वितरक -विश्वकर्मा फर्नीचर
मधई मंदिर रोड, विश्वकर्मा पार्क कटनी
मो.-9826082251 फोन नं. 07622-230557

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाइट
SAMARTH MARBLE AND GRANITE
SMG
टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट
Size. Thickness. Finish. Quality
Quality Marble & Granite at Best Price
एल.आई.सी ऑफिस के सामने बरगवां, कटनी
Mob. 9425153498
JOHNSON DESIGNERS' CHOICE Kajarla METRO TILES

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा
निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।
क्र.सं : 1 निविदा सूचना कमांक : डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी पी–211–2026 दिनांक : 27/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्रअधिकार में टीटीआर (एफएस टीडब्लूएस डब्लूसीएमएस) – 37 संख्या (1 में 12), टीटीआर (एफएस टीडब्लूएस, डब्लूसीएमएस) – 24 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर (एफएस, सीएस सीएमएस) 30 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर–(टीडब्लूएस, डब्लूसीएमएस) 13 संख्या (1 में 12), टीटीआर (टीडब्लूएस डब्लूसीएमएस) 18 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर (सीएस सीएमएस) 2 संख्या (1 में 12), टीटीआर (सीएस, सीएमएस) 8 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर (डीएस) 13 और टीटीआर (केवल डीएस रेल कॉम्पोनेन्ट)–14 का कार्य ।, कार्य का अनुमानित मूल्य : 4,03,71,617/–बयाना राशि रूपये : 8,07,400/–, समापन अवधि : 12 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक : 20/11/2026, निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि : 20/11/2026
क्र.सं : 2 निविदा सूचना कमांक : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–212–2026 दिनांक : 27/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : झुकेही–कैमोर खंड में स्थित पुल क्रमांक 1111/2 (स्पैन 1 x 3.58 मीटर) के स्टील गर्डर पुल के स्थान पर 1.00 x 2.70 x 2.00 मीटर आकार के आरसीसी बॉक्स से प्रतिस्थापन कार्य ।, कार्य का अनुमानित मूल्य : 57,10,684/–, बयाना राशि रूपये : 1,14,200/–, समापन अवधि : 10 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक : 20/11/2026, निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि : 20/11/2026
उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

V2 Value & Variety
5000+ Styles
END OF SEASON SALE
UPTO 70% OFF
ON LARGE VARIETY OF PRODUCTS
Address -Visit now 1st & 2nd floor V2 Retail Limited City Mall Katni (M.P.)

इस दिवाली, बचत भी सुनहरी!
गहना ज्वेलर्स
पुष्य नक्षत्र • धनतेरस • दीपावली
बुकिंग शुरू!
मेकिंग चार्ज 5 प्रतिशत
बुकिंग या डिलीवरी, जो भी सोने का भाव कम हो, उसी का लाभ पाएं!
गहना ज्वेलर्स – हर शुभ शुरूआत, सोने के साथ।
+91 7869136503 | मोहन टॉकीज रोड, शुभाष चौक , कटनी, (म.प्र.) | gahna.jewellers

CB HEALTH CARE
commitment to best patient care
डॉ. धर्मेंद्र सिंह बागरी
एमडी जनरल मेडिसिन
Ex_senior Resident, cardiology
ECG एवं PFT (Spirometry) की सुविधा
2D ECHO व कलर डॉपलर ईको कार्डियोग्राफी
हृदय रोग संबंधी सभी प्रकार की समस्याएँ (हार्ट अटेक, हार्ट फेलियर)
बी.पी., डायबिटीज(शुगर) थायराईड एवं श्वास संबंधित सभी समस्याएँ
जोड़ो में दर्द गठिया वात से संबंधित सभी समस्याएँ।
जनरल मेडिसिन से सम्बंधित समस्याओं के उपचार हेतु।
Reg.No.- MP25236
+91 8602054967
+91 8602915994
समय : सुबह 10 से 2 बजे तक, सायं 5.30 से 8 बजे तक (रविवार क्लीनिक बंद रहेगा)
डन कॉलोनी मोड़, बस स्टॉप मेन रोड, बरगवां, कटनी

जी.डी. मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
जी.एन.एम. नर्सिंग कोर्स
सीमित सीटें
100 बेड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
अपने नर्सिंग के सपने को दें नई उड़ान
डन कॉलोनी, बरगवां, कटनी (म.प्र.)
संपर्क: 9630364578, 7620029783

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा पी.जी. इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 29, बीएसएनएल ऑफिस के पास, द्वारका सिटी रोड, बरगवां, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीष तिवारी सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/2025–27 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)